कृष्ण पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 216 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
31 जनवरी 2025 शुक्रवार

आज का मौसम
27 अधिकतम
10 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

## संसद में राष्ट्रपति का अभिभाषण- 70+बुजुर्गों को आयुष्मान का फायदा, छोटे कारोबारियों को दोगुना लोन

# तीसरी बड़ी इकोनॉमी की राह पर देश, 3 करोड़ नए घर भी जल्द, पॉलिसी पैरालिसिस से उबरे

**नईदिल्ली, एजेंसी**



संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। इस मौके पर अपने अभिभाषण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्र सरकार की योजनाओं की तारीफ की और कहा कि सरकार ने व्यवस्था को पॉलिसी पैरालिसिस जैसी स्थिति से उबारने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति के साथ काम किया है। ईज ऑफ डूइंग की भावना को बढ़ावा देने के लिए कई काम किए हैं. मेक इन इंडिया के कारण ग्लोबल प्रोडक्ट्स पर भी मेड इन इंडिया के लेवल दिखने लगे हैं। इसके अलावा 70 प्लस बुजुर्गों को आयुष्मान का फायदा मिला है, छोटे कारोबारियों के लिए लोन लिमिट दोगुनी हुई। साथ ही तीन करोड़ नए घर का लक्ष्य जल्द पूरा होगा। उन्होंने कहा कि सरकार 3 गुना तेज गति से काम कर रही है। आज देश बड़े फैसलों और नीतियों को असाधारण गति से लागू होते देख रहा है। महिलाओं, किसानों और युवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता मिल रही है। इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने अभिभाषण की शुरुआत कुंभ हादसे में दुख व्यक्त करते हुए की और कहा कि इस वक्त महाकुंभ भी चल रहा है। वहां हुए हादसे पर दुख प्रकट करती हूं। राष्ट्रपति ने अभिभाषण में 13 भारतीय भाषाओं में प्रतियोगी परीक्षाएं कराए जाने का जिक्र किया और कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों की संख्या भी देश में बढ़ी है।तकनीकी के क्षेत्र में भारत दुनिया को राह दिखा रहा है। हमने स्पेस डॉकिंग के क्षेत्र में सफलता प्राप्त की है। सरकार ने टैक्स व्यवस्था को आसान बनाया है। यूपीआई जैसी तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की सुविधा से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। रेहड़ी पटरी वालों को लोन का लाभ मिला है। चिनाब ब्रिज का निर्माण हुआ है और उधमपुर श्रीनगर रेल परियोजना पूरी हो गई है जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेल ब्रिज है। राष्ट्रपति ने नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस के लोकार्पण से लेकर इसरो के सैटेलाइट सफलतापूर्वक स्थापित करने का जिक्र करते हुए कहा कि वह दिन भी दूर नहीं जब भारत में निर्मित गगनयान में अंतरिक्षयात्री भी अंतरिक्ष में जाएंगे। 50 हजार करोड़ रुपये से अनुसंधान केंद्र स्थापित किया गया है।

### इकोनामिक सर्वे की रिपोर्ट आई

आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा को संबोधन के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इकोनॉमिक सर्वे पेश कर रही हैं। सत्र के दूसरे दिन कल 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 18वीं लोकसभा और मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट पेश करेंगी। बतौर वित्त मंत्री सीतारमण का यह लगातार आठवां बजट होगा। इसके बाद 2 फरवरी को रविवार होने के कारण छुट्टी रहेगी। 3 से 6 फरवरी तक राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा होगी। 6 फरवरी को ही प्रधानमंत्री मोदी राज्यसभा में चर्चा पर जवाब दे सकते हैं।

## पहली बार विदेशी चिंगारी नहीं फूटी: मोदी



बजट सत्र के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीडिया से कहा - यह पहली बार है कि सत्र के पहले कोई विदेशी चिंगारी नहीं फूटी। 2014 से अब तक यह पहला संसद सत्र है, जिसके एक-दो दिन पहले कोई 'विदेशी चिंगारी' (विदेशी हस्तक्षेप) नहीं देखी गई, मैंने हर बजट सत्र से पहले यह देखा था और हमारे देश में कई लोग इन चिंगारियों को हवा देने में कोई कसर नहीं छोड़ते.। मोदी ने कहा कि इस सत्र में कई ऐतिहासिक बिल पेश किए जाएंगे। हर नारी को सम्मानपूर्ण जीवन मिले उस दिशा में महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे। हम रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म करेंगे। उन्होंने कहा कि इस सत्र में कई ऐतिहासिक बिलों पर चर्चा होगी और व्यापक मंथन के साथ राष्ट्र की ताकत बनाने वाले कानून बनाए जाएंगे।

## रेत माफिया का कलेक्टर की गाड़ी पर पथराव, हवाई फायर से खदेड़े बदमाश

**भिंड, एजेंसी**

मध्यप्रदेश के भिंड जिला कलेक्टर के वाहन को रेत माफिया ने अपना निशाना बनाने की कोशिश की, जिसके बाद कलेक्टर के सुरक्षाकर्मियों ने हवाई फायर कर बदमाशों को खदेड़ा और कलेक्टर को वहां से सुरक्षित निकाला। ऊमरी पुलिस के अनुसार कल देर रात के इस मामले में हमलावरों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ककाहारा रेत खदान का निरीक्षण करने के लिए निजी वाहन से निकले थे। उनके साथ राजस्व अमला और स्थानीय थाने का स्टाफ नहीं था। इसी बीच रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली आई तो कलेक्टर ने उसे रोका। पूछताछ के कारण चालक ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर भाग निकला। कलेक्टर ने पास ही खड़ी खाली ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक से रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को ऊमरी थाने पहुंचाने को कहा और स्वयं भी अपनी गाड़ी से उसके पीछे चलने लगे। इसी बीच दो वाहनों से कुछ लोग मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर को रोक लिया। ट्रैक्टर रुकवाने वाले बदमाशों ने कलेक्टर की गाड़ी पर पथराव शुरू कर दिया।

## झूठ नहीं बोलूंगा.. कांग्रेस ने दलितों व पिछड़ों का भरोसा खोया इसलिए भाजपा सत्ता में

**नईदिल्ली, एजेंसी**



राहुल ने कही खरी खरी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने साफ-साफ माना है कि 1990 के दशक में कांग्रेस ने दलितों और अत्यंत पिछड़ी जातियों के हितों की उस तरह रक्षा नहीं की जिस तरह से उसे करनी चाहिए थी। राहुल ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों में चूक की वजह से ही आरएसएस सत्ता में आई है और अगर एक बार कांग्रेस का 'ऑरिजिनिल बेस' पार्टी के साथ आ जाए तो बीजेपी और आरएसएस को भागना पड़ेगा। दरअसल दलित इनफ्लएंशर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि दलितों और पिछड़ों को केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिलने से उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा, जब तक कि उन्हें संस्थाओं और संपत्ति में 'भागीदारी' नहीं मिलती. अपनी दादी इंदिरा के कार्यकाल को याद करते हुए राहुल ने कहा कि तब कांग्रेस के पास दलितों, अल्पसंख्यकों और पिछड़ों का पूरा सपोर्ट था लेकिन 1990 के दशक में 'कुछ कमियां रही', और ये तथ्य पार्टी से छिपा नहीं है। पिछले 10-15 साल में कांग्रेस पार्टी ने वह नहीं किया जो उसे करना चाहिए था। राहुल ने कहा यदि मैं ऐसा नहीं बोलता हूं तो मैं झूठ बोलूंगा। उन्होंने आगे कहा, ÷इंदिरा गांधी के समय में दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़ों का कांग्रेस पर पूरा भरोसा था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस दौरान सभा में किसी ने पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव का नाम लिया और ये इशारा किया कि उनके ही कार्यकाल में दलितों-पिछड़ों-अल्पसंख्यकों का भरोसा कांग्रेस में कम हुआ होगा, तब राहुल ने कहा, मैं नाम नहीं लूंगा, लेकिन यह सच्चाई है और कांग्रेस को इस सच्चाई को स्वीकार करना होगा।

## विराट रणजी में भी नाकाम 6 रन पर हुए बोल्ड आऊट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी में दिल्ली और रेलवे के बीच मुकाबला में आज भारतीय स्टार विराट कोहली फिर बुरी तरह नाकाम हुए। जेटली स्टेडियम में मैच के दूसरे दिन दिल्ली की पहली पारी का दूसरा विकेट गिरा और जैसे ही विराट कोहली बल्लेबाजी के लिए आए, पूरा स्टेडियम उनके नाम से गूंज उठा। पूरे स्टेडियम में 'कोहली-कोहली' की आवाज गूंज रही थी। हालांकि, जल्द ही स्टेडियम में सन्नाटा भी पसर गया, क्योंकि कोहली कुछ ही मिनट बाद हिमांशू सांगवान का शिकार बन गए। हिमांशू ने कोहली को क्लीन बोल्ड किया। वह 15 गेंद में एक चौके की मदद से छह रन बना सके। उनके आउट होते ही फैंस स्टेडियम छोड़कर जाते भी दिखे। मैच के पहले दिन रिकॉर्ड दर्शक के बाद दूसरे दिन भी कोहली को देखने के लिए हजारों की संख्या में फैंस पहुंचे।

## महाकुंभ भगदड़: न्यायिक आयोग जांच के लिए पहुंचा

### सबसे महंगी डोम सिटी में भी लगी आग

**प्रयागराज, एजेंसी**



महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर भगदड़ की जांच करने के लिए न्यायिक आयोग आज प्रयागराज पहुंच रहा है। रिटायर्ड जज हर्ष कुमार के नेतृत्व वाली तीन सदस्यों की टीम मेला क्षेत्र में अफसरों से पूछताछ करेगी। आयोग एक महीने में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगा। इधर, महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बनाए जा रहे भंडारे में राख डालने वाले इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया गया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने यह वीडियो शेयर किया था। आज महाकुंभ के 19वे दिन दोपहर तक करीब 44 लाख लोग स्नान कर चुके हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- हादसों की सच्चाई और आंकड़े छिपाना, एक अपराध है। हजारों करोड़ रुपए प्रचार और दुर्घटना की खबरें दबाने के लिए बहाए जा रहे हैं. वहीं बीती शाम महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर- 22 में आग लगने से 15 टेंट जल गए। इसे सबसे महंगी डोम सिटी कहा जा रहा है। हालांकि वक्त रहते आग पर काबू पा लिया गया। इससे पहले भी सिलेंडर ब्लास्ट से 180 पंडाल जल गए थे। महाकुंभ में मौनी अमावस्या दिन मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत हुई थी।

**उज्जैन में अभी से...:** प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ व कई लोगों की मृत्यु के बाद उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ कुंभ 2028 के लिये अभी से सतर्कता है। इसके लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव को अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने एक सुझाव पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि उज्जैनकुंभ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन आएंगे। सभी श्रद्धालुओं के साथ समान व्यवहार किया जाए। स्नान के समय अखाड़ों की पेशवाई को बंद किया जाना चाहिए और साधु-संतों को साधारण रूप से, अपने अनुयायियों और यजमानों के बिना, पैदल ही स्नान के लिए जाना चाहिए। सभी वीआईपी और वीवीआईपी को मेला क्षेत्र में प्रतिबंधित किया जाना चाहिए।

## यमुना में जहर... केजरीवाल का एक ही जवाब- सीईओ की चिट्ठी

**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने यमुना के जहरीले पानी को लेकर अपने बयान पर चुनाव आयोग के नोटिस का आज जवाब दे दिया है। केजरीवाल ने पांचों सवाल के जवाब में दिल्ली जल बोर्ड की सीईओ की चिट्ठी का ही बार बार हवाला दिया है। आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल ने छह पेज के जवाब में चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड की सीईओ शिल्पा शिंदे की ओर से दिल्ली के मुख्य सचिव को लिखी चिट्ठी का हवाला दिया जिसमें यमुना नदी में अमोनिया की बात कही गई थी। चुनाव आयोग के सवालों पर केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड की सीईओ के 27 जनवरी के बयान पत्र इसकी पुष्टि करते हैं, जो जवाब के साथ संलग्न है।

## ट्रंप बोले- *हादसे के लिए जो बाइडेन और बराक ओबामा की नीतियां जिम्मेदार...*

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका की राजधानी में कल हवाई हादसे में सभी 67 लोगों की मौत के बाद अब राष्ट्रपति ट्रंप के बयान से सरगर्मी है। हादसे में एयरपोर्ट पर रनवे की तरफ बढ़ रहे अमेरिकन एयरलाइंस के प्लेन को अमेरिकी सेना के ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर ने पीछे से टक्कर मार दी थी जिसके बाद दोनों टूटकर नदी में जा गिरे थे। इस पर अब ट्रंप के बयान पर विवाद हो गया है। ट्रंप ने कहा है कि हादसे के लिए जो बाइडेन और बराक ओबामा की नीतियां जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि इसके बारे में हमारे विचार बहुत पुख्ता हैं कि फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) में हुई डाइवर्सिटी हायरिंग की वजह से सेफ्टी मानक कमजोर हुए हैं। इसके अलावा एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स भी जिम्मेदार है।

**मेट्रो एंकर**

### भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन का चयन हुआ

# 14 दिन 140 करोड़ भारतीयों के *साथ* अंतरिक्ष में रहेंगे पहले एस्ट्रोनॉट, वहां योग भी करेंगे!

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला बहुत उत्साहित है, वे जानते हैं कि वे देश के लिये अब इतिहास रचने वाले हैं। वे आईएसएस यानी इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बने हैं। वे मिशन के पायलट चुने गए हैं। यह एक निजी अंतरिक्ष मिशन है। यह स्पेस एक्स ड्रैगन यान से इसी वर्ष लॉन्च हो रहा है। इस मिशन का नेतृत्व नासा की पूर्व अंतरिक्ष यात्री पेगी व्हिटसन करेंगी। शुक्ला के साथ पोलैंड के स्लावोस्ज उजनांस्की-विस्निवस्की और हंगरी के टिबोर कापू भी होंगे। यह मिशन इसरो के पहले अंतरिक्ष यात्री को आईएसएस पर भेजेगा।

**पोलैंड और हंगरी के अंतरिक्ष यात्री भी पहली बार :** आईएसएस पर रहेंगे। शुक्ला इस मिशन को लेकर अपना अनुभव भारत के लोगों से साझा करना चाहते हैं। वे देश के विभिन्न हिस्सों से सांस्कृतिक चीजें ले जाने की



योजना बना रहे हैं। वह आईएसएस पर योगासन भी करेंगे। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष की यह यात्रा मेरी व्यक्तिगत नहीं, बल्कि 1.4 अरब लोगों की यात्रा है। यह मिशन 14 दिनों तक चलेगा। इस दौरान, अंतरिक्ष यात्री वैज्ञानिक प्रयोग, आउटरीच कार्यक्रम और कम ग्रैविटी में कई एक्टिविटी करेंगे। एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस में, एक्सिओम मिशन-4 के चालक दल के सदस्यों ने अभियान के लिए प्रशिक्षण के अपने अनुभव साझा किए है। भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने कहा, ''मैं 'माइक्रोग्रैविटी' में जाने और अपने दम पर अंतरिक्ष उड़ान का अनुभव करने के लिए वास्तव में बहुत उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि हम एक ऐसे चरण में हैं जहां सभी चीजें साकार हो रही हैं। मिशन निजी अंतरिक्ष यात्रियों की पृथ्वी की निचली ऑर्बिट तक पहुंच बढ़ाने का एक प्रयास है। नासा के आईएसएस प्रोग्राम मैनेजर डाना वेइगेल के अनुसार, इस निजी मिशन भविष्य के गहन अंतरिक्ष अन्वेषण को सफल बनाने में मदद करते हैं। ये पृथ्वी की निचली ऑर्बिट में एक स्थायी इकोसिस्टम का मार्ग प्रशस्त करते हैं। व्हिटसन ने दल के समर्पण की भी सराहना की है।

### कौन हैं शुभांशु

10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ में जन्मे शुभांशु शुक्ला जून 06 में भारतीय वायु सेना में एक फाइटर पायलट के रूप में शामिल हुए। मार्च 24 में उन्हें ग्रुप कैप्टन का पद मिला। उन्होंने कई विमानों पर दो हजार घंटे से अधिक उड़ान भरी है। 2019 में रूस के यूरी गगारिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में एस्ट्रोनॉट की ट्रेनिंग ली है। भारत के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान मिशन के लिए वे इसरो द्वारा चुने गए। अब आईएसएस की यात्रा करने वाले पहले इसरो अंतरिक्ष यात्री होंगे। खास बात यह है कि वे अपने अंतरिक्ष अनुभव को तस्वीरों और वीडियो के माध्यम से देशवासियों के साथ साझा करने की योजना बना रहे हैं।

## शेयर बाजार बजट से एक दिन पहले *उत्साहित*



**नई दिल्ली।** कल देश का आम बजट आने वाला है और उससे एक दिन पहले शेयर बाजार में हरियाली देखने को मिली। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स आज ग्रीन जोन में ओपन हुआ और कुछ ही मिनटों में 180 अंक चढ़ गया। निफ्टी-50 भी बढ़त के साथ हरे निशान पर ओपन हुआ। शुरुआती कारोबार में टाइटन से लेकर इंफोसिस तक के शेयर रफ्तार पकड़े नजर आए। कल बाजार की शुरूआत लाल निशान से हुई थी हालांकि बाद में यह ग्रीन जोन मे आ गया था।

## गंदगी का अंबार





भोपाल, दोपहर मेट्रो। भोपाल के मिसरोद बावड़िया कला क्षेत्र में गंदगी से लोग परेशान हैं

### सरकारी एजेंसियां संवारने लगीं उद्योगपतियों की राहगुजर

# जीआईएस के बहाने सड़कों को संवारने की कवायद तेज, 100 करोड़ खर्च होंगे

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

अगले महीने 24-25 फरवरी को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट की वजह से भोपाल की अधिकांश सड़कों के दिन फिरने वाले हैं। चूंकि इस समिट में देश-विदेश से करीब 20 हजार मेहमान आ रहे हैं, इसलिये राजधानी को चकाचक बनाने के जतन भी कई सरकारी एजेंसी कर रही हैं। समिट में अंबानी, अडाणी, महिंद्रा, टाटा समेत देश के तमाम बड़े उद्योगपतियों को आमंत्रित किया जा रहा है। लिहाजा उद्योगपतियों का कारवां जिन सड़कों से गुजरेंगे, उन्हें 45 करोड़ रुपए में संवारा जा रहा है। माना जा रहा है कि राजधानी की सडकों को दुरुस्त करने व सौंदर्यीकरण में करीब सौ करोड खर्च होने वाले हैं। पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर संजय मस्के का कहना है कि 26 सड़कों को 15 करोड़ रुपए से संवारा जा रहा है। इनमें एयरपोर्ट रोड, लिंक रोड नंबर-1, 2 और 3, वीआईपी रोड, एमपी नगर, वन विहार, रोशनपुरा, रंगमहल, श्यामला हिल्स जैसे प्रमुख सड़कें भी शामिल हैं।

दूसरी तरफ नगर निगम के पास भी सड़कों की मरम्मत, सौंदर्यीकरण जैसे काम है। वीआईपी रोड के पास गोहर महल और कैफेटेरिया सीढ़ीयों की ड़मरम्मत और पेंटिंग, एयरपोर्ट पार्क के मध्य और साइड वर्ज परड़मरम्मत और पेंटिंग के साथ एयरपोर्ट एप्रोच रोड पर रिटेनिंग वॉलड़का निर्माण किया जा रहा है। स्टेट हैंगर पर मरम्मत और पेंटिंग का ड़काम और ग्रिल एक्सटेंशन होगा। बोट क्लब, वन विहार, मैनिट से भदभदा, बोट क्लब पर कई काम होंगे। 22 सड़कों की रिपेयरिंग पर 30 करोड़ रुपए खर्च होंगे। राजधानी को संवारने के लिए पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन को सौंपी गई हैं। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की निगरानी में नगर निगम सौंदर्यीकरण, सड़कों की रिपेयरिंग कराएगा। पीडब्ल्यूडी ने भी 26 सड़कों की लिस्ट बनाई है, जिन पर 15 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। ट्रैफिक और सिक्योरिटी मैनेजमेंट पुलिस कमिश्नर संभालेंगे।



फाइल फोटो

### प्रमुख उद्योगपति हैं मेहमान

जीआईएस में जिन प्रमुख उद्योगपतियों को आमंत्रित किया जाएगा, उनमें मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, एन. चंद्रशेखरन, नोएल एन. टाटा, आनंदजी महिंद्रा, जमशेद एन. गोदरेज, संजीव पुरी, संजीव बजाज, सतीश रेड्ड़डी, नादिर गोदरेज, पवन मुंजाल, एसएन सुब्रह्मण्यम, रिशद प्रेमजी, अजीज प्रेमजी, सलिल एस. पारेख, दिलीप संघवी, वेणु श्रीनिवासन, सुनील भारत मित्तल, बाबा एन. कल्याणी, उदय कोटक शामिल हैं। जीआईएस में 25 देशों के करीब एक हजार प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया है। ज्ञात हो कि निवेश आकर्षित करने के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव यूके-जर्मनी की 6 दिन की यात्रा कर चुके हैं और अभी जापान यात्रा पर हैं।

### शहर के आसपास की भी सुध

ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के दौरान देशी-विदेशी मेहमानों को भोपाल समेत आसपास के दर्शनीय स्थल भीमबैटका, सांची आदि भी ले जाने की तैयारी है। टूरिज्म बोर्ड इन्हें संवार रहा है। भोपाल के बड़े तालाब पर सौंदर्यीकरण और बोट क्लब पर बोटिंग व्यवस्था नये सिरे से की जा रही है। जनजातीय संग्रहालय में विशेष प्रदर्शनी लगेगी।

## पं. एलिया के देवलोकगमन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

वरिष्ठ पत्रकार सतीश एलिया के पिता पं. गयाप्रसाद एलिया के देवलोकगमन उपरांत गत दिवस माधवराव सप्रे संग्रहालय में मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि पं.एलिया ने अपना पूरा जीवन समाज को समर्पित कर दिया। शिक्षा के क्षेत्र में जो अलख जगाई, उससे गंजबासौदा और आस-पास के क्षेत्र के सैकड़ों घर आज रोशन हो रहे हैं। भाजपा पमीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि स्व.एलिया ने शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाकर लोगों का जीवन संवारने का काम किया।उन्होंने अपने जीवन में कई ऐसे कार्य किए जिनसे समाज में शिक्षा का स्तर ऊंचा हुआ और अनेक गरीब और पिछड़े वर्ग के लोग भी शिक्षा से जुड़ सके। संग्रहालय के संस्थापक व संरक्षक पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर ने कहा कि स्व. गयाप्रसाद ने अपने पूरे शिक्षकीय जीवन में संस्कारवान शिक्षा देने का कार्य किया। इस अवसर पर राजधानी के वरिष्ठ पत्रकार, प्रबुद्धजन एवं समाजसेवियों व गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।

## स्व.श्रीवास्तव की स्मृति में पत्रकारों का सम्मान

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय सत्यनारायण श्रीवास्तव की स्मृति में उनकी जयंती के अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके साथ काम कर चुके पत्रकारों का सत्यनारायण श्रीवास्तव स्मृति मंच की ओर से सम्मान किया जाएगा। मंच के



कोषाध्यक्ष अभय श्रीवास्तव ने बताया कि मार्च माह में यह सम्मान किया जायेगा।इसके लिए बुजुर्ग पत्रकारों से अपनी जानकारी 10 फरवरी तक भेजने का अनुरोध किया है। उल्लेखनीय है कि स्व. श्रीवास्तव ने 1950 से 1981 तक पत्रकारिता की थी।

## छात्राओं को आशीर्वाद समारोह में उज्ज्वल भविष्य की कामना

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।** नवयुवक सभा द्वारा संचालित आनंदराम टी शाहनी स्कूल में 12वीं के छात्राओं के लिए आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंकिता खातरकर, एसडीओपी ने कहा कि जीवन में अनुशासन, नम्रता होना सफलता की सीढ़ी है। विद्यालय के संस्कार ही हमें आगे बढ़ने के लिए काम आते हैं। प्रबंध समिति द्वारा छात्र परिषद के सदस्यों को स्मृति चिन्ह प्रदान किये गए। 12 की कोमल नागदेव को मिस एटीएस, पूजा सबभागचंदानी को मिस का अवार्ड दिया गया। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विष्णु गेहानी व पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक वासदेव वाधवानी, महासचिव राजेश हिंगोरानी, सचिव सुरेश राजपाल, सहसचिव दिनेश वाधवानी, अंकेक्षक कन्हैयालाल रामनानी, कोषाध्यक्ष धर्मप्रकाश मोटवानी व अन्य पदाधिकारियों के अलावा विद्यालय प्राचार्या ज्योति चौहान, दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज प्राचार्या प्रिया बुधानी, केटी शाहानी प्राचार्य हरिओम शर्मा, सिंधु माध्यमिक प्रधानाचार्या प्रिया धर्मदासानी समस्त शिक्षकगण व विद्यार्थीवर्ग उपस्थित हुए विद्यालय की प्राचार्या सुश्री ज्योति चौहान मौजूद रहीं। संचालन छात्रा हर्षिता मालवीय व डॉली श्रेष्ट ने किया।

**मेट्रो एंकर**

### संतनगर के स्कूलों में हुई श्रद्धांजलि सभाएं

# बापू के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

राष्टपिता महात्मा गांधी का बलिदान दिवस संतनगर के स्कूलों में मनाया गया। बच्चों ने बापू के सत्य अंहिसा के मार्ग पर चलते हुए उनके सपनों को भारत बनाने का संकल्प लिया। साथ ही मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की।

**साधु वासवानी स्कूल :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिक्षाविद विष्णु गेहानी ने कहा कि महात्मा गांधीजी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। सत्य अहिंसा की राह पर चलते देश को आजादी दिलाने वाले बापू का सदैव राष्ट्र आभारी रहेगा। संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी ने भी विचार व्यक्त किए। विद्यालय की कंचन ने भाषण और मानव ने कविता प्रस्तुत की। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने शहीदों को दो मिनिट का मौन रख श्रद्धांजलि दी।

**मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल:** महात्मा गांधी के शहीदी दिवस पर प्रार्थना सभा में बापू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्राचार्य अजय बहादुर सिंह ने कहा कि स्वच्छता दिवस सिर्फ एक दिन विशेष




का अभियान नहीं होता यह तो एक सतत प्रयास है, जो स्वच्छ और स्वस्थ भारत की दिशा में हमारा योगदान निर्धारित करता है। उपप्राचार्या दीपा एंथोनी भी विचार व्यक्त किए। छात्रों ने पोस्टर्स, नृत्य नाटिका के माध्यम से स्वच्छता के प्रति अपनी जागरूकता का प्रदर्शन किया गया। राष्टपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल:** प्रार्थना सभा में बापू को याद किया गया। विद्यालय की प्राचार्या सुमन विश्वकर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी जी के स्वच्छ भारत स्वप्न को साकार करने के लिए सभी को अपना योगदान देना होगा। बच्चों ने 'स्वच्छ भारत को हमारा' गीत, नाटक से स्वच्छता का संदेश दिया।

## 7 मार्च से 4 दिवसीय आयोजनों के बीच मनाया जाएगा विक्रमादित्य महोत्सव



### देश के कई हिस्सों से सिंधी भगत गायन पार्टियां आएंगी

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

हिरदाराम नगर. राजावीर विक्रमादित्य महोत्सव चार दिवसीय आयोजनों के बीच मनाया जाएगा, जिसकी शुरूआत सात मार्च से होगी। विक्रमादित्य मंदिर समिति की बैठक आयोजन को अंतिम रूप दिया गया। समिति अध्यक्ष तेजवानी ने बताया कि सात मार्च से महोत्सव प्रारंभ होगा। पहले दिन सात मार्च को रात 9 बजे उल्हासनगर के भगत मोहनलाल एण्ड पार्टी का सिंधी भक्ति गीत संगीत का कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम सेवाधारी प्रेमचंद तेजवानी, नारीमल नरियानी, रूपचंद रायचंदानी एवं नारी तनवानी की स्मृति को समर्पित रहेगा। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ 8 मार्च को सुबह 10 बजे बहिराणा साहिब एवं ज्योति प्रज्वलन सिंधी छेज एवं भक्ति गीत संगीत के साथ होगा। 8 मार्च को ही शाम 4.30 बजे भगत एवं छेज का कार्यक्रम संजू बलराम एवं रमेश एण्ड पार्टी का कार्यक्रम होगा। जबकि, 9 मार्च को राजस्थान कोटा की मशहूर सिंधी भगत मण्डली लखमीचंद एण्ड पार्टी द्वारा सिंधी भगत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। जबकि 10 मार्च को सुबह 10 बजे मानव कल्याण, विश्व शांति एवं कारोबार में वृद्धि के लिए आरती, पल्लव आदि के कार्यक्रम के बाद प्रसाद वितरण तथा भंडारे के साथ चार दिवसीय समारोह का समापन किया जाएगा। बैठक में मुख्य सलाहकार सुरेश जसवानी, संरक्षक प्रतापराय तेजवानी, ईवरदास हिमथानी महासचिव जेठानंद मूलचंदानी, सचिव मनोहर वीधानी, नरेश चोटरानी, नंदकुमार दादलानी, चन्द्रप्रकाा इसरानी, हीरो इसरानी, घनश्याम लालवानी सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

**मूलचंदानी महासचिव बने :** किशोर तेजवानी ने बताया कि महासचिव नारी तनवानी के स्वर्गवास के बाद जेठानंद मूलचंदानी को नया महासचिव बनाया गया है जबकि मनोहर वीधानी सचिव होंगे। इसी तरह हीरो इसरानी को विक्रमादित्य महोत्सव समिति का नया सलाहकार बनाया गया है।

# सीएमओ में होगा पूरा बदलाव या..!

## नए अफसरों को मिलेगा काम करने का मौका, सबसे पहले पीएस शुक्ला, राघवेंद्र को हटाने के बाद अब यादव व लवानिया को बदलने से सुगबुगाहट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र में आईएएस अफसरों के बीच बडे फेरबदल के बाद अब निगाहें मुख्यमंत्री कार्यालय पर आकर ठहर रही हैं। इसका संकेत पहले प्रमुख सचिव संजय शुक्ला और राघवेंद्र कुमार सिंह और अब सचिव भरत यादव और अविनाश लवानिया को हटाकर दे दिया है। माना जा रहा है कि अब मुख्यमंत्री कार्यालय में कुछ और नये चेहरे आ सकते हैं। ऐसे में अपर मुख्य सचिव डॉ राजेश राजौरा पर भी निगाहें ठहर रही हैं। हालांकि बदलाव अभी तत्काल होता नहीं नजर आ रहा। सीएमओ में यह सभी कवायद नए अफसरों को काम के अवसर दिए जाने को लेकर की जा सकती है।




मुख्यमंत्री मोहन सरकार ने पहले ही साल में अपनी बड़ी टीम खड़ी कर ली थी। खासकर मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव स्तर के एक अधिकारी, प्रमुख सचिव स्तर के दो अधिकारी और सचिव स्तर के तीन अधिकारी तैनात किए थे। इसके अलावा अभी भी कुछ अपर सचिव और कई ओएसडी काम कर रहे है। इसके पूर्व कभी भी मुख्यमंत्री कार्यालय में किसी मुख्यमंत्री ने इतनी बड़ी टीम नहीं रखी थी। जानकारों की मानें तो यादव के मुख्यमंत्री कार्यकाल में खड़ी की गई इस टीम के साथ मंत्रालय और मंत्रालय के बाहर काम करने वाले कई सीनियर आईएएस अफसर की पटरी नहीं बैठी। कुछ जनप्रतिनिधि भी लगातार नाराज रहे। मैदानी स्तर पर काम की धाक नहीं जम रही है। बल्कि आम लोग छोटे-छोटे कामों के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय और मुख्यमंत्री निवास के चक्कर लगाने लगे। सत्ता और संगठन के बीच संतुलन बनाने में जिन आईएएस अफसर की अहम भूमिका होती है वह भी प्रभावी तौर पर दिखाई नहीं दी।



## कल बजट सुनेंगे-समझेंगे मप्र के अफसर, फिर देंगे योजना को आकार

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

कल प्रस्तुत होने वाला देश का आम बजट मध्य प्रदेश के बजट का आधार बनेगा। विभिन्न योजनाओं में प्रदेश को 50 हजार करोड़ रुपये मिलते हैं। केंद्रीय करों में हिस्सा सहित अन्य मदों में जो राशि प्राप्त होना अनुमानित है, उसे मिलाकर राज्य अपने बजट का आकार निर्धारित करता है। लिहाजा इस बार यह चार लाख करोड़ रुपये का हो सकता है। वित्त विभाग ने सभी विभागों से कहा है कि वे अधीनस्थों के साथ बजट भाषण सुनें और राज्य के लिए कहां, क्या अवसर हैं, उसकी रिपोर्ट तैयार करें। वर्ष 2024-25 के लिए केंद्र सरकार से विभिन्न योजनाओं के साथ केंद्रीय करों के हिस्से में लगभग एक लाख 40 हजार करोड़ रुपये मिलने का अनुमान आम बजट में था।लगभग इतनी राशि प्रदेश को वित्तीय वर्ष समाप्त होने के पहले मिल जाएगी। आगामी वित्तीय वर्ष में डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक मिलने की उम्मीद है। बजट में जो प्रावधान होंगे, उसके आधार पर विभागों के बजट प्रावधान प्रस्तावित किए जाएंगे। इसके आधार पर राज्य बजट का आकार भी निर्धारित होगा। सूत्रों का कहना है कि इस बार बजट चार लाख करोड़ रुपये के आसपास रह सकता है। इसमें गरीब, नारी, युवा और किसानों के लिए विशेष प्रावधान होंगे। सभी विभागों के अधिकारी बजट भाषण सुनने के साथ ही विभिन्न प्रपत्रों का अध्ययन करके रिपोर्ट तैयार करेंगे। इसे देखकर वित्त विभाग अनुमान लगाएगा कि केंद्र सरकार से किस योजना या मद में कितनी राशि प्रदेश को मिल सकती है। आगामी 15 फरवरी के पहले सीएम यादव मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करके बजट के आकार को अंतिम रूप देंगे।

# भाजपा ने 19 दिन में घोषित कराए 62 जिला अध्यक्ष, सामान्य वर्ग का दबदबा

### डेढ़ महीने से जारी खींचतान अब समाप्ति के करीब

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**




प्रदेश भाजपा ने सभी 62 जिला अध्यक्ष घोषित करा दिए हैं। शुरुआत 12 जनवरी से की थी। 19वें दिन इंदौर नगर व ग्रामीण के अध्यक्ष घोषित किए। इंदौर नगर व ग्रामीण के अध्यक्ष घोषित किए। इंदौर नगर की कमान सुमित मिश्रा को दी तो इंदौर ग्रामीण का अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा को बनाया गया। माना जा रहा है कि यहां अध्यक्ष को लेकर करीब डेढ़ महीने तक खींचतान चली, उसके बाद बमुश्किल सहमति बनी। जिन्हें अध्यक्ष की कमान दी वे कार्यकर्ताओं के कम, दिग्गज मंत्रियों के करीबी ज्यादा बताए जा रहे हैं।

बड़ी बात यह रही कि 62 में से 29 अध्यक्ष सामान्य वर्ग और 25 ओबीसी से हैं। केवल 7 महिलाओं को ही मौका दिया। सबसे ज्यादा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा की चली। उनके गुट से करीब 10 अध्यक्ष बनाए गए तो अन्य सभी दिग्गज एक से दो करीबी को ही अध्यक्ष बनवा सके। इस तरह जिला अध्यक्ष चुने जाने की प्रक्रिया डेढ़ से दो महीने तक चली। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर व जबलपुर जैसे महानगरों में तो लंबे समय तक दिग्गजों के बीच खींचतान ही चलती रही।

### ये महिलाएं अध्यक्ष

7 जिलों में महिलाओं को कमान दी है। इनमें शहडोल में अमिता चपरा, सिवनी में मीना बिसेन, टीकमगढ़ में सरोज राजपूत, सागर ग्रामीण में रानी कुशवाहा, खरगोन में नंदा ब्राम्हणे, नीमच में वंदना खंडेलवाल और नर्मदापुरम में प्रीति शुक्ला को अवसर दिया गया।

### 17 को दोबारा मौका

17 जिला अध्यक्षों को दोबारा रिपीट किया है। ये ऐसे अध्यक्ष हैं, जिन्हें डेढ़ से दो साल पहले ही जिलों की अध्यक्षीय मिली थी। भिंड में देवेंद्र नरवरिया, गुना में धर्मेंद्र सिकरवार, अशोक नगर में आलोक तिवारी, छतरपुर में चंद्रभान सिंह गौतम, पन्ना में बृजेंद्र मिश्रा, मऊगंज में डॉ. राजेश मिश्रा, सीधी में देव कुमार सिंह, कटनी में दीपक सोनी, बालाघाट में रामकिशोर कांवरे, छिंदवाड़ा में शेषराव यादव, हरदा में राजेश वर्मा, रायेसन में राकेश शर्मा, राजगढ़ में ज्ञानसिंह गुर्जर, बुरहानपुर में मनोज माने, अलीराजपुर में संतोष परवाल, झाबुआ में मानू भुरिया, रतलाम में प्रदीप उपाध्याय को दोबारा मौका दिया है।

### इन दिग्गजों के गुट से इतने अध्यक्ष

माना जा रहा है कि 62 में से संघ समर्थित 7 अध्यक्ष हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के तीन करीबी, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा व डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल के एक-एक समर्थक, नरेन्द्र सिंह तोमर गुट से 5, केंद्रीय मंत्री सिंह चौहान गुट से 3, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुट से 2, केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर व वीरेंद्र खटीक गुट से एक-एक, कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल, तुलसीराम सिलावट, राकेश सिंह, निर्मला भूरिया गुट से एक-एक, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत व कैलाश विजयवर्गीय गुट से दो-दो समर्थकों को जिला अध्यक्ष की कमान दी है। इस तरह अन्य मंत्रियों, सांसदों व विधायकों के गुट को भी मामूली तवज्जो मिली है।

# सौरभ का थाईलैंड में 5 सितारा निवेश, कई देशों में संपत्ति

### इसके बावजूद भी लोकायुक्त की टीम अभी खाली हाथ, ठोस साक्ष्य की तलाश करने में जुटी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा ने भोपाल, इंदौर व मप्र के शहरों में ही नहीं, बल्कि थाईलैंड, दुबई जैसे कई देशों में निवेश किया है। थाईलैंड में तो एक पांच सितारा होटल में बड़ा शेयर बताया जा रहा है तो दुबई में में खुद की प्रापर्टी होने की बात सामने आ रही है। इन सबके बावजूद लोकायुक्त अंतिम निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पा रहा है। लंबी जांच व बीते तीन दिनों की पूछताछ के बावजूद लोकायुक्त टीम अभी भी सवालों की फेहरिस्त में उलझी है।

सूत्रों की मानें तो प्रारंभिक तौर पर पता चला है कि सौरभ ने मप्र के बड़े शहरों में 100 करोड़ से अधिक की बेनामी अचल संपत्ति बनाई है। सबसे ज्यादा निवेश इंदौर व उसके आसपास किया है। ये काम अविरल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी के नाम से किए है। इन तमाम तथ्यों व संकेतों के बावजूद लोकायुक्त टीम ठोस साक्ष्य जुटाने के प्रयास मे है। संपत्ति किसकी है, इस पर सौरभ का एक ही घिसा–पिटा जवाब है कि उसे नहीं पता। वह 52 किलो सोना और 11 करोड़ की नकदी पर भी कुछ स्वीकारने के लिए तैयार नहीं है। हालांकि सोना मामले में आयकर विभाग की भी एंट्री हो चुकी है।

**पासपोर्ट भी जब्त:** सौरभ शर्मा ने दुबई व थाईलैंड जैसे अन्य देशों में काली कमाई से निवेश कर संपत्ति बनाई है, यह आशंका लगते ही लोकायुक्त टीम उसे घर लेकर पहुंची, जहां से उसका पासपोर्ट जब्त किया गया। अब पासपोर्ट हिस्ट्री के जरिए भारत से बाहर अन्य देशों में सौरभ के मूवमेंट को निकाला जा रहा है। जल्द ही सौरभ की पत्नी और उसके अन्य रिश्तेदारों व दोस्तों से भी पूछताछ होगी।

### इन सवालों का घेरा भी

जब सौरभ व अन्य 52 किलो सोना व 11 करोड़ नगदी की जानकारी से मुकर रहे हैं तो लोकायुक्त उन मुखबिरों की मदद क्यों नहीं ले रही है? जिनकी सूचना के आधार पर कार्रवाई शुरू की थी।

जानकारों के अनुसार इतने बड़े मामले में सीडीआर हिस्ट्री की मदद से जांच को आगे बढ़ाया जाना चाहिए, यदि इस दिशा में जांच आगे बढ़े तो कई ठोस नतीजे आ सकते हैं।

# एक देश एक चुनाव अभियान को लेकर जागरुकता अभियान चलाएगा भाजपा




**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

भाजपा अब एक देश एक चुनाव ( वन नेशन-वन इलेक्शन ) को देशभर में जन आंदोलन बनाएगी। इसको लेकर मध्यप्रदेश में भाजपा जागरूकता अभियान भी चलेगा। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में एक देश एक चुनाव की बैठक में इस बर बात हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद की उपस्थिति में भाजपा प्रदेश कार्यालय में एक देश-एक चुनाव को लेकर पार्टी द्वारा गठित प्रदेश स्तरीय टोली की बैठक आयोजित की गई।इस अवसर पर टोली के संयोजक एवं सेवानिवृत्त न्यायाधीश रोहित आर्य एवं सह संयोजक व इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी उपस्थित रहे। बैठक में जागरूकता अभियान को लेकर लेकर चर्चा हुई। बैठक के बाद पत्रकारवार्ता में प्रदेश संयोजक रोहित आर्य ने कहा कि एक देश एक चुनाव के परिप्रेक्ष्य में मंथन होना चाहिए।एक देश एक चुनाव हमारे संविधान के मूल संरचना का रूप है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजनरी स्टेप है। संविधान की प्रस्तावना में राजनीतिक न्याय के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मुहिम चलाने का निर्णय लिया गया है।आर्य ने कहा कि आज तक पालिटिकल जस्टिस के परिपेक्ष्य में ज्यादा काम नहीं हुआ था। वन नेशन वन इलेक्शन के बहुआयामी फायदे होंगे। वोटर का मूल्य क्या है और प्रजातंत्र के महत्व क्या है इसे जनता तक पहुंचाना है। इससे व्यय कम होंगे, सामाजिक ढांचा सुधरेगा।



## तारादेही ग्राम में स्थित शराब दुकान में लूट का खुलासा

# चार लुटेरे गिरफ्तार, आरोपियों से पौने दो लाख व बुलेरो कार जब्त की

**तेंदूखेड़ा/तारादेही, दोपहर मेट्रो**

बीते 23 जनवरी की दरमियानी रात को तारादेही थाना क्षेत्र के अंतर्गत तारादेही ग्राम में स्थित शराब दुकान में लूट की घटना की अंजाम देने वाले आरोपियों को पुलिस ने पकड़कर जेल भेज दिया है दरअसल तारादेही पुलिस ने आज चार आरोपियों को गिरफ्तार करके उनको तेंदूखेड़ा न्यायालय में पेश किया गया है बाद में कोर्ट ने सभी को जेल भेज दिया जिसकी पुष्टि तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित द्वारा की गई है पकड़े गये आरोपियों ने तारादेही ग्राम में संचालित शराब दुकान में लूट की घटना को अंजाम दिया था

पकड़े गए आरोपियों में तेंदूखेड़ा बम्हौरी और और पाटन के पिपरिया के युवक शामिल है जिन्होंने एक सप्ताह पूर्व रात्रि के समय तारादेही पहुंचकर पहले शराब दुकान का गेट तोड़ा था उसके बाद शराब की बोतल ओर पैसों की पेटी लेकर बुलेरो कार से फरार हो गए थे दूसरे दिन शराब




दुकान के कर्मचारी की शिकायत पर तारादेही पुलिस ने चारों पर लूट का मामला दर्ज कर उनकी खोजबीन शुरू कर दी थी जिसमें पुलिस को गुरुबार की सुबह सफलता मिल गई

तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने मामले को लेकर बताया कि 22, 23 जनवरी की रात्रि तारादेही शराब दुकान में रात्रि में घुसकर लूट की घटना को अंजाम देकर आरोपी बुलेरो वाहन से फरार हो गए थे

मामला दर्ज कर सबसे पहले वाहन की खोज की ओर बुलेरो वाहन बरामद किया उसके बाद





गुरुवार की सुबह संजू पाल को बम्होरी आईटीआई के पास से ओर तीन अन्य जिनमें तुलसी लोधी लक्की लोधी भोजराज लोधी को भैंसखार के जगलों से पकड़ा गया और उनसे लूटी गई रकम में से एक लाख 74 हजार 900 रुपया जप्त किया है बाद में चारों को गिरफ्तार करके तेंदूखेड़ा न्यायालय में पेश किया गया जहां से चारों को जेल भेजा दिया है अंग्रेजी शराब दुकान से आरोपियों ने एक लाख 97 हजार 700 रुपया ओर चार शराब की बाटल की लूट की थी

घटना के समय आरोपी अज्ञात थे सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने आरोपियों की पहचान की ओर सबसे पहले बुलेरो वाहन की खोजबीन की बुलेरो वाहन बम्होरी निवासी संजू पाल का निकला उससे पूछताछ की तो अन्य आरोपी भी मिल गए और मामला खुल गया आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल लिया ओर लूट की रकम में से कुछ रकम खत्म कर ली थी बाकी शेष रकम पुलिस ने आरोपियों से जप्त की।

### इनका कहना

इस संबंध में तारादेही थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने बताया कि शराब दुकान में लूट करने वाले चारों आरोपियों को पकड़कर आज न्यायालय में पेश किया गया था जहां से चारों को जेल भेज दिया गया है दुकान से लूट की गई रकम को जब्त कर लिया है उसमें से कुछ रकम आरोपियों को खर्च कर ली है आगे की कार्रवाई जारी है

# विशाल वृक्ष का जीवन बचाकर रचा इतिहास



**गंज बासौदा, दोपहर मेट्रो**

बरेठ रोड बस स्टेंड स्थित पंचतत्व की सदस्य रानू मुकेश सिंह राजपूत ने प्रमोद सिंह और देशांत सिंह की मदद से अपने घर में लगे चार वर्ष पुराने विशाल क्रिसमस के वृक्ष को निकालकर पंचतत्व के ही सदस्य लाल पठार निवासी दिलीप देसाई संदीप देसाई के गार्डन में पुनः रोपकर संरक्षित किया।

मुकेश सिंह ने बताया कि उनके मकान में एक सुंदर और हरा भरा वृक्ष लगा हुआ था जिसे उन्होंने चार वर्ष पहले लगाया था अब घर बनाते समय उनके नक्शे में क्रिसमस के इस वृक्ष को उन्होंने बचा लिया था। परंतु ड्राइंग के आते ही उसे उनको हटाने की बात सामने आई तब उन्होंने पंचतत्व समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी से बात कर वृक्ष को अन्य जगह लगाने का निर्णय लिया।

### पहले वृक्ष की पूजन फिर खुदाई की

सुबह पहले वृक्ष की पूजा अर्चना की और वृक्ष देवता से प्रार्थना कर मुकेश सिंह ने कहा कि हे वृक्ष देवता हमारा मन आपको हटाने का बिलकुल नहीं है .किंतु मजबूरी में हमें आपको यहां से हटाना पड़ रहा है। फिर वृक्ष के चारों खुदाई करने के बाद पूर्ण जड़ें निकल आई फिर वृक्ष के चारों तरफ मिट्टी के साथ जड़ों को जूट के बोरे से बांध दिया गया। जिसे लोगों की मदद से निकला। इसके बाद फूल मालाओं के साथ उसे ले जाकर लाल पठार स्थित गार्डन में रोप दिया गया।

# घर बैठे श्रद्धालु कर सकेंगे गंगा स्नान

■ नपाध्यक्ष और प्रबुद्ध जनों ने गंगाजल को फिल्टर प्लांट में प्रवाहित किया

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

जो लोग प्रयागराज कुंभ मेला में गंगा जी स्नान करने नहीं जा पाए हैं वह घर बैठे गंगा जी के स्नान कर सकेंगे। उक्त आशय की मंशा को साकार रूप देने के लिए 'हर हर गंगे, घर-घर गंगे' की मंशा लेकर नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव सहित अन्य प्रबुद्ध जनों ने नौलखी घाट स्थित फिल्टर प्लांट में प्रयागराज महाकुंभ मेले से लाया हुआ गंगाजल प्रवाहित किया।

नौलखी स्थित वाटर फिल्टर प्लांट पर गुरुवार शाम को गंज हनुमान मंदिर के संत त्यागी जी महाराज ने पूजन अर्चन किया। इसके बाद प्रयागराज महाकुंभ मेले से लाये हुए गंगाजल की आरती उतारी गई और सभी ने पूरे भक्ति भाव के साथ जय गंगा मैया के उदघोष लगाने के बाद गंगा जल को फिल्टर प्लांट में प्रवाहित किया। इस कार्यक्रम के बाद सभी को प्रसादी वितरित की गई और जो लोग प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने और गंगाजल लेने गए थे उन्हें फूल माला पहनाकर उनका आत्मीय अभिवादन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव, सुरेंद्र सिंह दांगी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



# नगर पालिका द्वारा काटे जा रहे हरे भरे पेड़, सीएमओ को आवेदन देने के बाद भी नहीं रुक रही पेड़ों की कटाई

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नगर सहित आसपास के क्षेत्र में सरकार द्वारा पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ सहित वृक्षारोपण , एक पेड़ मां के नाम सहित अनेक अभियान पौधा रोपण के नाम चलाए जा रहे हैं। कई जगह पौधरोपण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं । वहीं दूसरी ओर नगर पालिका द्वारा हरे भरे और फलदार वृक्षों को काटने का काम किया जा रहा है । कोठी बाजार स्थित सब्जी मंडी के सामने बनी रोड के किनारे लगे हरे भरे पेड़ों को नगर पालिका ने काट दिया । लोगों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा सड़क चौड़ीकरण के नाम पर इन हरे भरे वृक्षों को काटा जा रहा है। इसके साथ ही घर के बिल्कुल सामने चौखट से रोड बनाई जा रही है। पेड़ नाली की दूसरी तरफ है जो की सड़क में बाधक नहीं है लेकिन इसके बाद भी नगर पालिका प्रशासन द्वारा पेड़ों की कटाई सड़क चौड़ीकरण का कहकर काटे जा रहे हैं। फलदार पेड़ों को नहीं छोड़ा गया। वार्ड क्रमांक 14 कोठी बाजार के रहवासियों ने कहा है कि नगर पालिका को हरे भरे पेड़ काटने से रोकना चाहिए।



इस संबंध में कोठी बाजार सब्जी मंडी के सामने के रह वासियों ने पेड़ों को काटने के संबंध में सीएमओ हेमेश्वरी पटले को भी शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई । मुख्य नगरपालिका अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहीं। क्षेत्र के रहवासी पप्पू रैकवार, राजा केवट, छोटे, प्रभा केवट, जितेंद्र सहित अन्य का कहना है कि वर्षों से यह सड़क किनारे निवास कर रहे हैं और उन्होंने फलदार और छायादार वृक्ष लगाए लेकिन सड़क चौड़ीकरण के नाम पर इन्हें काटा जा रहा है।

# धूमधाम से निकली श्रीकृष्ण की बारात

■ मुरली मनोहर मंदिर में एक माह से चल रहा था खिचड़ी उत्सव

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

सदर बाजार स्थित मुरली मनोहर मंदिर में एक माह तक चलने वाले खिचड़ी उत्सव के अवसर पर भगवान कृष्ण की बारात निकाली गई। रुक्मणि संग ब्याह रचाने भगवान डोले में बैठकर निकले। रजोदा रोड से ढोल-ढमाकों के साथ बारात मुख्य बाजार से होते हुए सिरोंज चौराहा, गांधी चौक, चाचा वाली गली, सदर बाजार होते हुए मुरली मनोहर मंदिर पहुंची। जहां पर बारात का जोरदार स्वागत किया गया। मंदिर में उपस्थित महिला श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण-रुकमणी के पैर पखारे। इसके बाद भगवान कृष्ण का विवाह रुक्मणी के साथ रचाया गया। आरती के बाद खिचड़ी का प्रसाद का वितरण किया। सदर बाजार स्थित मुरली मनोहर मंदिर में विगत 26 वर्षों से खिचड़ी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन प्रतिवर्ष पौष शुक्ल पक्ष की दूज से प्रारंभ होता है। जो एक माह तक चलने वाले खिचड़ी उत्सव में भगवान कृष्ण की झांकी सजाकर उनकी



विभिन्न लीलाओं के दर्शन कराए जाते हैं। झांकी दर्शन में कृष्ण जन्म उत्सव, रुक्मणी विवाह की झांकी सहित 84 लीलाओं के दर्शन श्रद्धालुओं को कराए जाते हैं। अंत में टोपा दर्शन के साथ इस लीला का समापन होता है। प्रातः काल भगवान की विभिन्न लीलाओं के दर्शन के बाद श्रद्धालुओं द्वारा खिचड़ी का भोग लगाया जाता है। इसके बाद प्रसादी का वितरण किया जाता है। बारात में त्यागी महाराज जी, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश तिवारी सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# परिवहन विभाग ने वाहन चालकों के लिए लगाया निशुल्क नेत्र जाँच शिविर

■ 105 चालकों का नेत्रों का परीक्षण कर निशुल्क चश्मे बांटे

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

गुरुवार को सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार नर्मदापुरम के स्थानीय बस स्टैंड में आरटीओ श्रीमती निशा चौहान एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश देहलवार के नेतृत्व में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसमें जिन वाहन चालकों एवं सहचालकों को निकट दृष्टि या दूर दृष्टि की समस्या पाई गई, उन्हें निशुल्क चश्मों का वितरण किया गया एवं जिन वाहन चालकों में मोतियाबिंद की समस्या मिली उन्हें निशुल्क ऑपरेशन के माध्यम से अपनी आंखों का इलाज करने हेतु



जिला अस्पताल बुलाया गया। शिविर में कुल 105 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिनमें 27 चालकों को पास का देखने में समस्या होने पर चश्मे दिए गए तथा 5 चालकों में मोतियाबिंद पाए जाने पर उन्हें जल्द जिला अस्पताल आकर ऑपरेशन के माध्यम से आंखों का इलाज कराने की सलाह दी गई। नेत्र जांच शिविर के प्रारंभ में स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों के बलिदान दिवस पर उन्हें याद करते हुए आरटीओ के साथ डॉक्टर्स स्टाफ, आरटीओ स्टाफ एवं वाहन चालकों के द्वारा 2 मिनिट का मौन धारण किया गया एवं मद्य पान न करके ही वाहन चालने की शपथ ली गई। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा लगातार वाहन चालकों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है एवं विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से वाहन चालकों को नियमों के प्रति जानकारी दी जा रही है।

**मेट्रो एंकर** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की

# देशभक्ति और जनसेवा के लिए प्रेरित करते हैं गांधी जी के विचार

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के अवसर स्थानीय गांधी पार्क में नगर कांग्रेस द्वारा गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कपिल फौजदार ने कहा बापू ने सदैव सत्य और अहिंसा का मार्ग चुना एवं सारा जीवन देश को समर्पित कर दिया आज उनके विचार हमें देशभक्ति और जनसेवा के लिए प्रेरित करते हैं। नगराध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा स्वतंत्रता और जनसेवा के लिए अपने प्राण त्याग करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का योगदान ये देश कभी नही भूलेगा। जिन्होंने ने अपने अद्भुद व्यक्तित्व से पूरे विश्व को रास्ता दिखाया। कार्यक्रम का संचालन नपा नेता प्रतिपक्ष अनोखी राजोरिया ने किया और आभार कार्यवाहक अध्यक्ष फैज़ान उल हक़ ने किया। कार्यक्रम में प्रताप ठाकुर, बबलू राठौर, दीप सिंह सिसोदिया, शेख पप्पू, गुलाम मुस्तफ़ा, विजेंद्र राजपूत, आयुष्मान अवस्थी सहित कांग्रेस के अनेक कार्य कर्ता उपस्थित रहे।



### गांधीजी के आदर्श, सिद्धांत हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत : सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच

स्थानीय नेहरू पार्क में शहीद दिवस पर सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के सदस्यों ने उपस्थित होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर संस्था के संरक्षक कृपाल सिंह राजपूत अध्यक्ष अरुण दीक्षित अशोक दिबोलिया डॉ मो. आदिल फ़ाज़ली डॉक्टर मयंक तोमर ओम प्रकाश मालवीय हेमंत शर्मा रमेश गोप्लानी किरण शर्मा जय बाला निगम सहित अन्य सदस्य उपस्थित हुए. कृपाल सिंह राजपूत अरुण दीक्षित डॉक्टर आदिल फ़ाज़ली डॉक्टर मयंक तोमर ओम प्रकाश मालवी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गांधी जी के आदर्श एवं सिद्धांत हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत है. वर्तमान परिवेश में उनके आदर्शों एवं उनके सिद्धांतों को नकारा नहीं जा सकता. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी गांधी जी को प्रमुखता से याद किया जाता है.



### प्राइवेट स्कूलों पर शासन द्वारा नए-नए नियम लागू किए जाने का मामला

# निजी शिक्षण संघ लटेरी ने स्कूल बंद कर जताया विरोध, ज्ञापन भी सौंपा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

निजी शिक्षण संघ के अभन पर लटेरी ब्लॉक के प्राइवेट स्कूल को संपूर्ण मध्य प्रदेश में प्राइवेट स्कूल बंद करने का आवाहन करने से छात्रों की पढ़ाई पर पड़ेगा प्रभाव लिटिल हेवन कॉर्बेट स्कूल से लटेरी के प्रमुख मार्गो से निजी शिक्षा संघ एवं स्कूल शिक्षक रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया लटेरी ब्लॉक के प्राइवेट स्कूल ने किया सहयोग जिसमें आसपास से लेकर लटेरी ब्लॉक के स्कूल बंद कर किया विरोध प्रदर्शन प्राइवेट स्कूल बंद होने से वार्षिक परीक्षा कक्षा पांचवी और आठवीं के छात्र छात्राओं के शिक्षा पर पड़ बड़ा प्रभाव छात्रों की शिक्षा पर संकट गहरा

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के विभिन्न बिंदुओं को लेकर आज लटेरी के प्राइवेट स्कूल संचालक कौन है एसडीएम को ज्ञापन सोपा शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम नए-नए नियमों को वापस लेने की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा जाएगा।



प्राइवेट स्कूल पर मध्य प्रदेश शासन द्वारा नए-नए नियम लागू किया जा रहे हैं। जिसको लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन प्राइवेट स्कूलों पर रजिस्ट्री किरनामा, 40000ञ्-रु. एफडी मान्यता शुल्क चार्ज बढ़ाया गया है ऐसी कई समस्याएं प्राइवेट स्कूलों के लिए खड़ी कर दी गई है जिसको लेकर संपूर्ण मध्य प्रदेश के साथ-साथ लटेरी ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत जिला अध्यक्ष मानसिंह जी के आव्हान पर प्राइवेट स्कूल 30 जनवरी को बंद करने का फैसला लिया गया और एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम सौंपेंगे ज्ञापन क्योंकि विद्यालयों पर आर्थिक बोझ एफडी के लिए 40,000ञ्-रु. और कियायनामे के लिए लाखों रुपये खर्च करना आवश्यक किया गया है।

**शिक्षकों की योग्यता**

सभी शिक्षकों के लिए बी.एड. या डी.एल.एड. होना अनिवार्य किया जा रहा है जिससे प्राइवेट स्कूलों को आर्थिक समस्या उठाना पड़ रहा है नवीनीकरण मान्यताओं में प्रदेश में इतने बी.एड. और डी.एल.एड. धारक नहीं हैं, जितनी आवश्यकता है। 90 प्रतिशत शिक्षण कार्य महिलाओं द्वारा किया जाता है, जो अनुभव में निपुण हैं। लेकिन यह नियम लाखों महिलाओं को बेरोजगार बना सकता है शासन की नई नीति के अनुसार शासन ने बड़े-बड़े नियम प्राइवेट स्कूलों पर थोप दिए गए हैं।

**अभिभावकों पर प्रभाव**

इन नियमों के कारण स्कूलों पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा, जिसके चलते फीस में वृद्धि करनी पड़ेगी। यह सीधा-सीधा अभिभावकों की जेब पर असर डालेगा।

**प्रशिक्षण की कमी**

सरकार निजी स्कूलों के शिक्षकों के लिए किसी प्रकार का प्रशिक्षण या कार्यशाला आयोजित नहीं करती। खेल मैदान या अन्य सुविधाओं की कमी के आधार पर स्कूलों को बंद करने का दबाव बनाया जा रहा है, चाहे उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता कितनी भी अच्छी क्यों न हो।

**आपके विकल्प अगर छोटे निजी स्कूल बंद हो गए, तो अभिभावक मजबूर होंगे**

निजी स्कूल'जहाँ भारी-भरकम फीस और अतिरिक्त खर्च का सामना करना पड़ेगा जिससे मध्यवर्ग के अभिभावक बच्चों को पढ़ना में असमर्थ हो जाएगा और अशिक्षित छात्र-छात्राएं रहेंगे और अशिक्षित औसत दर सकती है। इससे न केवल आपका आर्थिक बोझ बढ़ेगा, बल्कि बच्चों की शिक्षा पर भी गहरा प्रभाव पड़ेगा। जिसको लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन प्राइवेट स्कूल बंद देखे गए जिससे एक दिवसीय स्कूल बंद होने से छात्रों शिक्षा पर बड़ा प्रभाव पड़ा जिसमें विद्यालय के शिक्षक साथी भी प्रदर्शन में भाग लेकर सहयोग प्रदान किया गया जिससे शासन के द्वारा नए-नए नियमों को वापस लेने की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा जाएगा ।

### कार्यशाला में विधायक टंडन ने कहा

# नशा कोई भी हो सिर्फ बर्बादी ही करता है




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नशा किसी भी प्रकार का इससे व्यक्ति की और समाज की बर्बादी निश्चित होती है। चाहे शराब का हो या अन्य किसी प्रकार का। आज की युवा पीढ़ी जागरूकता के अभाव में तेजी से नशे के गर्त में जा रही है, इसे बचाने हेतु निरंतर जन जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता है। उक्त विचार विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के सौजन्य से अजंता ललित कला एवं समाज कल्याण समिति द्वारा निजी महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होंने हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा धार्मिक स्थलों से शराब की दुकानें हटाने के निर्णय से जनसमुदाय को अवगत कराया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को इस पुण्य कार्य के लिए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ एवं उपसंचालक सामाजिक न्याय पंकज जैन ने विदिशा जिले के शिक्षण संस्थानों में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रमों को निरंतर करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने महाविद्यालय के बच्चों से नशा मुक्त भारत अभियान में आगे जाकर जुड़ने का आव्हान किया। वहीं कार्यक्रम संयोजक एवं नशामुक्त भारत अभियान के मास्टर ट्रेनर वेदप्रकाश शर्मा ने नशे के दुष्परिणाम पर विस्तार से प्रकाश डाला और विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए। इस अवसर पर श्याम सुंदर शर्मा, बृजेश लोधी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कॉलेज के डायरेक्टर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में नशा मुक्ति के प्रेरक चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई साथ ही सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को मध्य निषेध का संकल्प दिलाया।

### शासन की महत्तपूण स्वामित्व योजना का असर

# राजस्व महा-अभियान 3.0 में प्रकरण का निराकरण हुआ, सबल सिंह को मिला अधिकार अभिलेख

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा तहसील के ग्राम सलईखेड़ी निवासी सबल सिंह पुत्र बाबूलाल ने राजस्व महा अभियान अंतर्गत स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदक के आवेदन को गंभीरता से लेते हुए 15 दिवस के भीतर ही निराकरण करते हुए श्री सबल सिंह को अधिकार अभिलेख प्रदाय किया गया है। आवेदन का निराकरण हो जाने से उनके जीवन में सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन आया है।

शासन की महत्तपूर्ण योजना स्वामित्व योजना अंतर्गत आबादी में निर्मित मकानों में निवासरत व्यक्तियों को भूमि स्वामी संबंधी अधिकार, अभिलेख प्रदान किये जाने हैं। जिसमें राजस्व महा-अभियान अंतर्गत ग्राम सलईखेडी सर्वे नंबर 205 रकबा 1.097 हे. आबादी मद में आवेदक को अपने घर के भूमि स्वामी स्वत्व के अधिकार अभिलेख प्रदान किये हैं। जिससे आवेदक उक्त भूमि पर किसी भी संस्था या बैंक से ऋण लेकर अपनी अजीविका चला सकता है। अपनी भूमिका अधिकार अभिलेख मिल जाने पर आवेदक द्वारा शासन का आभार व्यक्त किया गया है। शासकीय सेवा के संबंध में आवेदक द्वारा संतुष्टि व्यक्त करते हुए राजस्व महा-अभियान और योजना के लिये शासन का आभार व्यक्त किया गया।



राजस्व महा अभियान में हिरनोदा गांव के किसान की फार्मर रजिस्ट्री और खसरे की ई-केवाईसी हुई विदिशा ग्रामीण तहसील के ग्राम हरनोदा में रहने वाले किसान आवेदक पीएस तिवारी ने शासकीय सेवाओं तथा राजस्व महा अभियान 3.0 अंतर्गत क्रियान्वित कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री और खसरे की ई-केवाईसी के लिए आवेदन दिया था। जिसका अधिकारियों द्वारा मौके पर ही महज एक दिवस में निराकरण कराया जाकर उन्हें लाभान्वित किया है। वह कहते हैं कि फार्मर रजिस्ट्री हो जाने से अब उन्हें कृषि से संबंधित विभिन्न योजनाओं का लाभ तथा अन्य शासकीय कार्य हो सकेंगे और वह शासकीय सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। इसके लिए उन्होंने शासन प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

राजस्व महा-अभियान अंतर्गत आवेदक पी.एस. तिवारी निवासी ग्राम हिरनोदा स्थित भूमि सर्वे नंबर 6ध्3 की फॉर्मर रजिस्ट्री व खसरे से आधार लिकिंग का कार्य हल्का पटवारी द्वारा घर जाकर किया गया। जिससे आवेदक शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। जिससे आवेदक संतुष्ट है। आवेदक ने शासकीय कार्यों तथा अभियान के क्रियान्वयन पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए मप्र शासन का आभार माना है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

**कलेक्टर ने बैठक में स्कूल के विकास, शैक्षणिक गतिविधियों एवं आवश्यक सुधारों पर चर्चा की**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय विदिशा में आज गुरूवार को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक कलेक्टर एवं विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान बैठक में विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा मौजूद रहे। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती गीता भदौरिया द्वारा कलेक्टर श्री सिंह सहित समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया और विद्यालय की शैक्षणिक व



अशैक्षणिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में विद्यालय के विकास, शैक्षणिक गतिविधियों एवं आवश्यक सुधारों पर चर्चा की गई। पीएम श्री निधि के समय से समुचित उपयोग पर भी विचार किया गया। आगामी बोर्ड परीक्षाओं के गुणवत्ता पूर्ण परिणाम के लिए भी चर्चा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों को मार्गदर्शन भी दिया एवं शिक्षकों को गुणवत्ता पूर्ण परिणाम देने हेतु प्रोत्साहित किया।

# खाद्य एवं औषधि प्रशासन के द्वारा कॉस्मेटिक के नमूने एकत्रित किए

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में शमशाबाद तहसील के खाद्य कारोबारकर्ता एवं कॉस्मेटिक दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया है।

औषधि निरीक्षक संजीव जादौन ने महानीम चैराहा स्थित गुर्जरञ्पूनम जनरल स्टोर से नवरत्न टेलकम पावडर तथा ओपल क्रीम का नमूना तथा मुस्कान जनरल स्टोर शाहाबाद से टेलकम पावडर, ग्लिसरीन, रोज वाटर के नमूने एकत्रित किए हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलिन ई पन्ना ने पिंकी किराना, शमशाबाद से कुकिंग मीडियम ऑयल का नमूना जांच हेतु लिया गया। उक्त नमूने राज्य खाद्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। तदोपरांत नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।



# सीसी रोड बनाने वार्ड पार्षद ने विधायक के नाम दिया आवेदन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

गुरूवार को वार्ड नंबर 5 के पार्षद अजमल शेर खांन ने नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष मनमोहन साहू को विधायक उमाकांत शर्मा के नाम एक आवेदन दिया है जिसमें सेल्फी पाइंट से नगरपालिका शादी वार्ड नंबर 5 में डामरीकरण के स्थान पर सीसी रोड़ की मांग की गई है। आवेदन में लेख किया गया है कि वर्तमान में बड़ चैराहा कठाली बाजार से लेकर मुख्य बाजार होते हुए सेल्फी पाईट तक डामरीकरण कराया जा रहा है, डामरीकरण न कराया जाकर सीसीरोर्ड कराया जावे, क्योंकि उक्त नगरपालिका शादी हाल से सेल्फी पाईट तक निचला क्षेत्र है, रोड पर आये दिन पानी का भरवा होने के कारण डामरीकरण अधिक समय तक नहीं चल पाता । पार्षद अजमल शेर खान ने कहा कि पूर्व में दिनांक 6ञ्8ञ्2024 को एक पत्र मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नाम मेरे द्वारा दिया गया था जिसमें अंकित किया गया था कि परिषद की बैठक में सेल्फी पाईट से नगरपालिका शादी हाल तक सीसी रोड निर्माण कराया जावे, मेरी मांग को ध्यान में रखते हुए सीसी रोड एंव दोनों ओर नाली निर्माण कराये जाने की मांग की गई है।



# शब-ए-बारात पर साफ-सफाई लाइट एवं पानी की व्यवस्था को लेकर आवेदन पत्र सौंपा

सिरोंज। ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के तहसील अध्यक्ष इरफान कुरैशी उर्फ बाबू ठेकेदार के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार संजय चैरसिया को आवेदन पत्र सौंपकर विगत दोनों आने वाले मुस्लिम समाज जनों के त्योहार शब ए बारात के अवसर पर मस्जिदों के आसपास एवं कब्रिस्तान में साफ–सफाई लाइट पानी की व्यवस्था की मांग की गई है। इस अवसर पर वक्फ कमेटी के तहसील अध्यक्ष वाजिद कुरैशी, ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के नगर अध्यक्ष वाहिद गौरी, ऑल इंडिया जमिआतुल कुरैश के तहसील अध्यक्ष जहीर कुरैशी, आल मंसूरी समाज सोसायटी के जिला अध्यक्ष नवाब मंसूरी, वाजिद खान मेकानिक, अशफाक खान गोरी, बबलू खान, हामिद खान मेवाती आदि लोग मौजूद रहे।



**मेट्रो एंकर** ग्रामीण जनों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी के नाम आवेदन पत्र सौंप कर पक्षपात पूर्ण कार्यवाही का आरोप लगाया

# झूठा आवेदन देकर तहसीलदार, पटवारी और पुलिस की मदद से फसल बर्बाद करने का आरोप

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

ग्राम पंचायत भोजूखेड़ी के ग्राम खनाखेड़ी के ग्रामीण वासियों द्वारा तहसील कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी के नाम आवेदन पत्र सौंप कर आरोप लगाया है कि ग्राम के झार सिंह दांगी,अर्जुन सिंह दांगी द्वारा झूठा आवेदन पत्र देकर तहसीलदार, पटवारी और पुलिस की मदद से खड़ी फसल ट्रैक्टर द्वारा नष्ट कर दी गई है। ग्रामीण जनों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चैधरी को आवेदन देते समय महिलाओं ने अपना दुखड़ा सुनाते आपा खो दिया और भावुक होकर जहर खाने की धमकी दे डाली कार्यालय में शोर शराबा देख एसडीएम को पुलिस बुलानी पड़ी तब जाकर मामला शांत हुआ। वही आपको बता दें कि प्रार्थी द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है कि प्रार्थी की कृषि भूमि ग्राम खनाखेड़ी में कुछ अतिक्रमण की भूमि पर गेहूं की फसल बोई थी जो आने के लिए तैयार खड़ी थी उसे नष्ट कर दी गई




वही उसी से लगी कृषि भूमि अर्जुन सिंह दांगी, झार सिंह दांगी, पुत्र गण गुलाब सिंह दांगी द्वारा भी शासकीय 8 बीघा भूमि पर अतिक्रमण कर फसल बोई गई है उसे भी ट्रैक्टर चलाकर नष्ट कराया जाए। अर्जुन सिंह दांगी, झार सिंह दांगी जो कि भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष हैं और राजनीति का फायदा उठाकर एक झूठा आवेदन प्रार्थी द्वारा बोई गई चार बीघा कृषि भूमि में गेहूं फसल को तहसीलदार पटवारी एवं पुलिस प्रशासन के समक्ष लक्ष्मण सिंह का पुत्र आकाश गोपेश दांगी ने प्राची की गेहूं की खड़ी फसल ट्रैक्टर चला कर तहस-नहस कर दी है जिससे उनका काफी नुकसान हुआ है। उक्त लोग उनके परिवार जनों से कहते हैं कि हमारे यहां हरवाई करो और गोबर उठाओ घर का सारा कार्य करो तभी हम तुम्हें खेती करने देंगे। और जाति सूचक गालियां देकर अपमान करते हैं ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# इंडिया-इंग्लैंड का चौथा टी-20 आज पुणे में, भारत सीरीज में 2-1 से आगे

## इंग्लैंड के लिए करो या मरो का मुकाबला

**पुणे, एजेंसी**

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज का चौथा मुकाबला आज पुणे में खेला जाएगा। महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में इंग्लैंड के लिए आज का मैच करो या मरो का है। क्योंकि भारत ने आज का मुकाबला जीता तो इंग्लिश टीम सीरीज गंवा देगी। टीम इंडिया 5 मैचों की सीरीज में 2-1 से आगे है। इस मैदान पर दोनों टीम दूसरी बार आमने-सामने होंगी। इससे पहले 2012 में भारत ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हराया था। भारतीय टीम की गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह की वापसी हो सकती है, वहीं बल्लेबाजी में ध्रुव जुरेल की जगह शिवम दुबे खेल सकते हैं।

भारत हेड टु हेड में आगे भारत और इंग्लैंड के बीच टी-20 में अब तक 27 मैच खेले गए। 15 में भारत और महज 12 में इंग्लैंड को जीत मिली। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ आखिरी टी-20 सीरीज 2014 में जीती थी। इंग्लिश टीम अगर आज भी हार गई तो भारत के खिलाफ लगातार 5वीं टी-20 सीरीज गंवा देगी।

चक्रवर्ती सीरीज के टॉप विकेट टेकर सीरीज में मिस्ट्री ऑफ स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। उनके नाम 3 टी-20 में 10 विकेट हैं। उन्होंने तीसरे मैच में पांच विकेट लिए थे। वहीं अभिषेक शर्मा और टीम के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 3 मैच में 115 रन बनाए हैं। बटलर सीरीज के टॉप रन स्कोरर इंग्लैंड के लिए सीरीज में कप्तान जोस बटलर ही बैटिंग में परफॉर्म कर सके हैं। वे सीरीज के टॉप स्कोरर हैं, उन्होंने 3 मैचों में 137 रन बनाए हैं। सीरीज में उनके नाम एक फिफ्टी है । तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स टीम के टॉप विकेट टेकर हैं, उन्होंने 5 विकेट लिए हैं।



पिच रिपोर्ट महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम की पिच स्पिन फ्रेंडली मानी जाती है। स्पिनर्स को अक्सर यहां अच्छा टर्न मिलता है। राजकोट में 2012 से 2023 तक 4 टी-20 इंटरनेशनल खेले गए। 2 में पहले बैटिंग और 2 में ही पहले बॉलिंग करने वाली टीम को जीत मिली। भारत ने यहां दो मैच गंवाया है, टीम को 2016 और 2023 में श्रीलंका ने हराया था। श्रीलंका ने 2023 में भारत के खिलाफ 206 रन बनाए थे, यही इस ग्राउंड पर हाईएस्ट स्कोर भी है।

वेदर कंडीशन पुणे में शुक्रवार को बारिश की कोई संभावना नहीं है। पूरे दिन बादल रहेंगे और थोड़ी गर्मी भी रहेगी। टेम्परेचर 12 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

**दोनों टीमें- भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, ध्रुव जुरेल/शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, मोहम्मद शमी और वरुण चक्रवर्ती।

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), फिल सॉल्ट (विकेटकीपर), बेन डकेट, हैरी ब्रूक, जैमी स्मिथ, लियम लिविंगस्टन, जैमी ओवर्टन, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर,



# गॉल टेस्ट में ख्वाजा का दोहरा शतक, स्मिथ ने सेंचुरी लगाई

**बेजमिंग. एजेंसी**

ऑस्ट्रेलियाई बैटर उस्मान ख्वाजा ने श्रीलंका के खिलाफ गॉल टेस्ट में दोहरा शतक लगाया। उन्होंने पहले टेस्ट के दूसरे दिन 352 बॉल पर 232 रन की पारी खेली। ख्वाजा के अलावा, स्टीव स्मिथ ने 141 और जोश इंग्लिश ने 102 रनों की शतकीय पारियां खेलीं। ख्वाजा, स्मिथ और इंग्लिस की पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 654/6 के स्कोर पर घोषित की। दिन का खेल समाप्त होने तक श्रीलंका ने 3 विकेट पर 44 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने सुबह 330/2 के स्कोर से खेलना शुरू किया। टीम की ओर से ट्रैविस हेड ने 52 और एलेक्स कैरी ने नाबाद 46 रन का योगदान दिया। श्रीलंका की ओर से जेफ्री वांडरसे को दो और प्रबाथ जयसूर्या को एक विकेट मिला। हेड-ख्वाजा के बीच 92 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। टीम ने पहले दिन पहली पारी में 330/2 रन बनाए।ट्रैविस हेड और उस्मान ख्वाजा की ओपनिंग जो?ी ने कप्तान पैट कमिंस के इस फैसले को सही साबित किया। दोनों ने 92 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी को प्रबथ जयसूर्या ने तो?ा। उन्होंने ट्रैविस हेड को चंडीमल के हाथों कैच कराया। उसके बाद बैटिंग करने आए मार्नस लाबुशेन 20 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जेफ्री वेंडरसे ने डी सिल्वा के हाथों कैच कराया। स्मिथ ने मैच के पहले दिन 1 रन बनाते ही 10 हजार रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। स्मिथ ने 205 पारियों में यह आंकड़ा हासिल किया।

# करियर की 201वीं जीत दर्ज कर अल्कारेज अंतिम-4 में

### चाइना ओपन टेनिस: मेदवेदेव से होगा सामना



**बीजिंग, एजेंसी।** विश्व के तीसरे नंबर के पुरुष एकल टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है, जहां उनका सामना रूस के डेनियल मेदवेदेव से होगा। अल्कारेज ने क्वार्टरफाइनल में सातवीं वरीय रूस के ही कारेन खचानोव को 7-5, 6-2 से हराया। यह उनके एटीपी करियर की 201वीं जीत है। वहीं मेदवेदेव ने इटली के फ्लावियो कोबोली को 6-2, 6-4 से पराजित किया।

**सबालेंका की लगातार 14वीं जीत:** महिला एकल में बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने इस सीजन लगातार 14वीं जीत के साथ अंतिम-16 राउंड में प्रवेश कर लिया। सबालेंका ने अमरीका की एश्लीन क्रूगर को 6-2, 6-2 से हराया। इस बीच नाओमी ओसाका भी अंतिम-16 में जगह बनाने में सफल

### इंग्लिश प्रीमियर लीग: टेन हेग की मुश्किलें बढ़ीं

# टोटेनहेम ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 3-0 से दी मात

**मैनचेस्टर. एजेंसी**



मैनचेस्टर यूनाइटेड को इंग्लिश प्रीमियर लीग के मैच में टोटेनहेम स्पर्स के हाथों 3-0 से करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। इंग्लैंड के शीर्ष फुटबॉल क्लब की इस सीजन प्रीमियर लीग में यह लगातार दूसरी व कुल तीसरी हार है। टीम अब तक खेले छह मैचों में से दो ही जीत सकी है, जबकि एक ड्रॉ रहा है। अंकतालिका में मैनचेस्टर यूनाइटेड 12वें स्थान पर चल रहा है। इस प्रदर्शन के बाद टीम के कोच एरिक टेन हेग की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्हें अपनी नीतियों के लिए चोतरफा आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

**जॉनसन ने तीसरे मिनट में खोला खाता:** टोटेनहेम के लिए ब्रेनन जॉनसन ने मैच के तीसरे ही मिनट में गोल दागा। उसके बाद दूसरे हाफ में देजन कुलुसेवस्की ने 47वें मिनट में दूसरा गोल किया। डोमिनिक सोलांके ने 77वें मिनट में एक और गोल कर टोटेनहेम को 3-0 से जीत दिला दी।

# वैभव के नाबाद अर्धशतक से भारत हुआ मजबूत

## अनाधिकृत अंडर-19 टेस्ट मैच

**चेन्नई. एजेंसी**



ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ अनाधिकृत अंडर-19 टेस्ट मैच में पहली पारी में 293 रन बनाए। जवाब में भारतीय अंडर-19 टीम ने स्टंप्स तक बिना किसी नुकसान के 103 रन बना लिए थे। ओपनर वैभव सूर्यवंशी 81 और विहान मल्होत्रा 21 रन बना कर क्रीज पर थे। समर्थ व इनान की **शानदार गेंदबाजी:** इससे पहले भारतीय अंडर-19 टीम की ओर से समर्थ नागराज और मोहम्मद इनान ने तीन-तीन विकेट चटकाए। आदित्य रावत ने 2 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के लिए एडिन ओकोनोर ने 61 और रिले किंग्सेल ने 53 रन का योगदान किया।



## मेट्रो बाजार

# अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर झटका कोर सेक्टर का उत्पादन घटा

**नईदिल्ली. एजेंसी**



अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर भारत को बड़ा झटका लगा है। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों (कोर सेक्टर) की उत्पादन वृद्धि निगेटिव जोन में चली गई है और ग्रोथ रेट माइनस 1.8 फीसदी तक लुढ़क गई है, जो जून 2024 में 6.1 फीसदी और अगस्त 2023 में 13.4 फीसदी बढ़ी थी। यह गिरावट कोयला, कच्चे तेल, नेचुरल गैस, रिफाइनरी प्रोडक्ट्स, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में कमी की वजह से आई है। वित्त वर्ष 2024-25 के अप्रेल से अगस्त के बीच कोर सेक्टर का उत्पादन केवल 4.6 फीसदी बढ़ा जो पिछले साल की समान अवधि में 8 फीसदी बढ़ा था। भारत का राजकोषीय घाटा मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 के पहले 5 महीने यानी अप्रेल-अगस्त के दौरान 4.35 लाख करोड़ रुपए रहा, जो पूरे वित वर्ष के बजट अनुमान का 27 फीसदी है। इस अवधि में कुल सरकारी खर्च 16.52 लाख करोड़ रुपए रहा, जो बजट लक्ष्य का लगभग 34.3 फीसदी है। नेट टैक्स रेवेन्यू 8.7 लाख करोड़ रुपए रहा। यह बजट अनुमान का 33.8 फीसदी है। जुलाई 2023 के अंत में नेट टैक्स रेवेन्यू कलेक्शन 34.5 फीसदी था। केंद्र का पूंजीगत खर्च (कैपेक्स) यानी इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर खर्च 3,00,987 करोड़ रुपए रहा, जो सालाना लक्ष्य का 27.1 फीसदी है। पिछले साल की समान अवधि में यह 3,73,799 करोड़ रुपए यानी बजट लक्ष्य का 37.4 फीसदी था। वहीं जून तिमाही में सरकार का चालू खाता घाटा सालाना आधार पर बढ़कर जीडीपी के 1.1 फीसदी पर पहुंच गया। पहली तिमाही में चालू खाता घाटा 970 डॉलर रहा, जो पिछले साल की समान अवधि में 8.9 अरब डॉलर यानी जीडीपी का 1 फीसदी था। चालू खाता घाटा मुख्य रूप से व्यापार घाटे में वृद्धि से बढ़ा।

# अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेच सकेंगे गैर बासमती चावल, निर्यात से प्रतिबंध हटा, मूल्य तय हुआ

**नईदिल्ली. एजेंसी**



विदेश व्यापार महानिदेशालय ने गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात से प्रतिबंध हटा दिया है। इसका न्यूनतम निर्यात मूल्य 490 डॉलर प्रति टन तय किया है। परबॉइल्ड और ब्राउन चावल पर निर्यात शुल्क भी 20 से घटाकर 10त्न किया है। इससे प्रदेश के चावल उद्योग को राहत मिलेगी। प्रदेश में कुछ वर्षों में 200 से अधिक चावल मिल लगे हैं। इससे चीन, यूएस, यूएई एवं यूरोप के देशों में निर्यात बढ़ा है। डीजीएफटी मप्र के संयुक्त निदेशक ने बताया, निर्यात रोक खत्म होने से मप्र के किसानों व निर्यातकों को फायदा होगा। वे न्यूनतम निर्यात मूल्य से अधिक पर बेच सकेंगे।

### इधर, तुवर दाल की कीमतों में गिरावट

किराना बाजार में शकर और खोपरा गोला के भाव में तेजी दर्ज की गई। ट्रक भाड़े बढ़ने के साथ कोटा कम आने के कारण शकर की कीमतों में तेजी आई है। नारियल ऊंचे भाव पर मांग कमजोर रही। वहीं आयातित मालों में बिकवाली का दबाव बढ़ने व ग्राहकी का अभाव बना रहने से तुवर की कीमतों में गिरावट दर्ज की जा रही है। तुवर दाल में उठाव न के समान बना रहने से तुवर में दाल मिलर्स की लिवाली ठंडी बनी हुई है जिस कारण तुवर की कीमतों पर दबाव बना हुआ हुआ है। आयातकों की बिकवाली का दबाव बढ़ने आगे भी भाव घटने की संभावना है।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# सह कलाकारों के काम को देखकर घबरा गई थीं तृप्ति, बोलीं- विक्की से 3 दिन तक नहीं की थी बात

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने बैड न्यूज और विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के अपने सह कलाकारों को लेकर कुछ खुलासे किए हैं। तृप्ति ने कहा कि विक्की कौशल के काम को देखकर उन्होंने तीन दिन तक उनसे बात नहीं की थी। उन्होंने कहा राजकुमार राव बड़ी आसानी से अपने किरदार में ढल जाते हैं। तृप्ति ने राजकुमार और विक्की कौशल के साथ काम करने को लेकर अनुभव साझा किया है। उन्होंने बताया कि अपने सह कलाकारों के काम और तरीके को देख वह घबरा गई थीं। उन्होंने सेट पर कुछ दिनों तक विक्की कौशल से बात नहीं की थी।

सह कलाकारों को लेकर किए ये खुलासे एक बातचीत के दौरान अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने अपने सह कलाकारों को लेकर कुछ खुलासे किए हैं। अभिनेत्री ने बताया कि 'बैड न्यूज' की शूटिंग के दौरान वह कुछ घबराहट और परेशानी महसूस कर रही थीं। अभिनेत्री ने तीन दिनों तक विक्की कौशल से बात नहीं की थी। अभिनेत्री ने 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' की शूटिंग के दौरान राजकुमार के साथ काम किया है। उनके साथ हुए अनुभव पर तृप्ति डिमरी ने बताया कि राजकुमार राव एक ही बार में दो पेज का मोनोलॉग पढ़ सकते हैं। वह लिखी हुई लाइनों को नएपन के साथ बोलते हैं।



### तृप्ति को एक्टिंग करना लगता था मुश्किल

तृप्ति डिमरी को एक्टिंग करना थोड़ा मुश्किल लगा था। हालांकि, काम करने के साथ ही वह इन चीजों के साथ सहज हो गईं। तृप्ति डिमरी 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' फिल्म की शूटिंग के दौरान बहुत ही घबरा गई थीं। तृप्ति ने कहा, मैं घबरा गई थी। तीन दिनों तक मैं एक ही चीज पर रुकी हुई थी। हमने पहले गाना शूट किया। मैंने विक्की से ठीक से बात भी नहीं कि क्योंकि मैं उनकी परफॉर्मेंस देखकर घबरा गई थी। निर्देशक के साथ घुलने मिलने में मुझे 5-10 दिन लग गए थे।

# परी ने जताई 'अमर सिंह चमकीला' दोबारा शूट करने की इच्छा

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने फिल्म अमर सिंह चमकीला में दोबारा काम करने की इच्छा जताई है। फिल्म में परिणीति के साथ दिलजीत दोसांझ भी नजर आए थे। इसी फिल्म को लेकर परिणीति ने अब एक पोस्ट किया है। बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने अपने दमदार अभिनय से अपने प्रशंसकों का दिल जीत लिया था। साल 2024 में आई फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ के साथ काम किया था। इस फिल्म को प्रशंसकों ने काफी पसंद किया था। इस फिल्म में परिणीति ने अमरजोत कौर का किरदार निभाया था। फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली ने किया था। फिल्म में परिणीति के साथ दिलजीत दोसांझ भी नजर आए थे। इसी फिल्म को लेकर परिणीति ने अब एक पोस्ट किया है। अमर सिंह चमकीला फिल्म में परिणीति दोबारा काम करना चाहती हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट से उन्होंने एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने दिलजीत दोसांझ और इम्तियाज अली को टैग करके दोबारा इस फिल्म के लिए काम करने की इच्छा जताई है। इस पोस्ट में रियर लाइफ अमर सिंह चमकीला की पोस्ट को टैग किया गया है। परिणीति ने लिखा, उफ्फ, क्या हम यह फिल्म दोबारा शूट कर सकते हैं।



## मन की बात...

# शाहरुख खान बोले- मेरे ऊपर कोई हो नहीं सकता



हाल ही में, एक पुरस्कार समारोह में शाहरुख से पूछा गया कि रिटायर होने के बाद रोमांस का क्या होगा? फिल्म निर्माता ने पूछा, आप मन्नत नामक बंगले में रहते हैं, लेकिन क्या आपने कभी अपार्टमेंट में रहने के बारे में सोचा है? शाहरुख खान बॉलीवुड के वो अभिनेता हैं, जिनके प्रशंसक ना सिर्फ भारत में बल्कि विश्व भर में हैं। अपने अभिनय और अनोखे अंदाज के चलते उन्होंने अपनी कभी ना मिटने वाली पहचान बना ली है। अब हाल ही में, एक पुरस्कार समारोह में फिल्म निर्माता करण जौहर ने अभिनेता से पूछा कि क्या वह कभी अपार्टमेंट में जाने के बारे में क्यों नहीं सोचते। इस सवाल के जवाब में अभिनेता ने जो जवाब दिया, वह लोगों का दिल जीत रहा है। हाल ही में, एक पुरस्कार समारोह में शाहरुख से पूछा गया कि रिटायर होने के बाद रोमांस का क्या होगा? फिल्म निर्माता ने पूछा, 卐आप मन्नत नामक बंगले में रहते हैं, लेकिन क्या आपने कभी अपार्टमेंट में रहने के बारे में सोचा है? इस पर शाहरुख ने जवाब दिया, हो ही नहीं सकता ना, क्योंकि मेरे ऊपर कोई हो ही नहीं सकता। मैं एक्टर्स की सीलिंग हूं, दर्शकों ने जोरदार तालियां बजाईं। करण जौहर ने शाहरुख से पूछा कि उनके जाने के बाद रोमांस का क्या होगा। अभिनेता ने चुटकी लेते हुए कहा, रोमांस मेरे साथ ही खत्म हो जाएगा। इसके बाद कैमरा अभिनेत्री रानी मुखर्जी पर जाता है, जो लंबे समय से उनकी सहयोगी और करीबी दोस्त हैं, जो उनके बयान पर खुशी जताती नजर आती हैं। इसके बाद फिल्म निर्माता शाहरुख खान से पूछते हैं कि क्या उन्हें लगता है कि वह एक अच्छे डांसर हैं, जिस पर सुपरस्टार कहते हैं, मुझे डांसिंग की जरूरत नहीं पड़ती, पूरी फिल्म इंडस्ट्री मेरे उंगलियों पर नाचती है।

अवधपुरी पुलिस को बीएमडब्ल्यू, एसयूवी और नोट गिनने की मशीन मिली

# 5 साइबर जालसाजों से 4 करोड़ रुपए का माल किया गया बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अवधपुरी पुलिस ने सायबर जालसाजों के 5 सदस्यीय गिरोह को गिरफ्तार किया है। गिरोह के पास से बीएमडब्ल्यू-एसयूवी, मोबाइल, सिमकार्ड, नोट गिनने की मशीन, बैंक पासबुक, चैकबुक समेत करीब 4 करोड़ रुपए का माल मिला। आरोपी जूम कार ऐप के माध्यम से भोपाल में बैठकर दिल्ली, मुंबई और अन्य राज्यों के लोगों के साथ ऑनलाइन ठगी कर रहे थे। जब्त हुई कारें किसकी हैं, इसका पता लगाया जा रहा है। सायबर फ्रॉड के मामले में भोपाल जिले में यह अब तक की सबसे बड़ी रिकवरी मानी जा रही है।

डीसीपी संजय कुमार अग्रवाल ने बताया सूचना मिली कि अवधपुरी स्थित रीगल टाउन के फ्लैट पर चार-पांच युवक लग्जरी कार में घूमते हैं, लेकिन काम कुछ नहीं करते। पुलिस फ्लैट पर पहुंची, वहां मिले युवकों ने अपने नाम यश सलूजा, अंशुल प्रियांश सिह, मयंक ठाकुर, अविनाश पांडे और सहजप्रीत सिंह बताए। पूछताछ में पता चला कि यह सभी जूम कार ऐप के माध्यम से लोगों के साथ ठगी कर रहे थे। उनके पास से महाराष्ट्र और राजस्थान पासिंग 2 बीएमडब्ल्यू, भोपाल पासिंग एक एसयूवी कार, 48 मोबाइल और टेबलेट, 37 एटीएम कार्ड, 8 पासबुक, 13 चैकबुक, 92 सिमकार्ड, 1 नोट गिनने की मशीन, 1 बारकोड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामग्री समेत कुल करीब 4 करो? का माल जब्त हुआ। आरोपी पिछले साल जुलाई 2024 से उक्त फ्लैट पर किराए से रह रहे थे। मकान मालिक ने किराएदारों की जानकारी नहीं दी थी। अब पुलिस मकान मालिक पर भी कार्रवाई करेगी।



### आरोपी ऐसे देते थे वारदात को अंजाम

आरोपी जूम कार ऐप पर अपने फर्जी नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, बैंक अकाउंट और सोशल मीडिया प्लेटफार्म के साथ ही गूगल से निकाले गए लग्जरी कार के फोटो अपलोड करते थे। इसके 3 दिन बाद कार की बुकिंग मिलनी शूरू हो जाती थी। यह कंपनी बिना ड्रायवर के कार किराए पर देती है। दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों में बुकिंग होने पर कंपनी कार उपलब्ध कराती है। ग्राहक द्वारा दिए गए एडवांस पैसों में कंपनी 40 फीसदी रकम काटकर बाकी रुपए अपलोड किए गए बैंक अकाउंट में जमा कर देती थी, जिसे जालसाज तुरंत ही निकाल लेते थे।

**आरोपियों से सिमकार्ड, मोबाइल, एटीएम कार्ड और बारकोड बरामद, घोड़ा नक्कास की दुकान से खरीदे थे 92 सिम कार्ड आरोपियों के खिलाफ पूर्व से भोपाल, जबलपुर, धार और छतरपुर में पहले से धोखाधड़ी के कई अपराध दर्ज हैं।**

#### एक साल से कर रहे थे घटनाएं

ग्राहक को अपनी लोकेशन पर कार नहीं मिलती तो वह दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करते थे। दो-तीन बार जालसाज उन्हें कोई न कोई बहाना बनाकर टाल देते थे। बाद में नंबर बंद कर लेते थे। ग्राहक जब जूमकार ऐप पर शिकायत करता तो कंपनी दिए उक्त मोबाइल नंबर द्वारा कराए गए रजिस्ट्रेशन को रद्द कर देती, जिससे संपर्क टूट जाता था। आरोपी अगली बार दूसरे नाम, मोबाइल नंबर और बैंक एकाउंट के माध्यम से दोबारा रजिस्ट्रेशन करवा लेते और फिर से ठगी करने लग जाते थे। वह पिछले करीब एक साल से ऐसा कर रहे थे।

ठगी की रकम का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आरोपियों ने नोट गिनने की मशीन तक खरीद रखी थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से घोड़ा नक्कास की दुकान से खरीदी गए 92 सिमकार्ड जब्त किए हैं। पुलिस दुकानदार से पूछताछ करेगी। आरोपी यश केवल दसवीं पास है। उसके खिलाफ पूर्व से भोपाल, जबलपुर, धार और छतरपुर में पहले से धोखाधड़ी के कई अपराध दर्ज हैं। इसी प्रकार अंशुल एमबीए पास है। उसके खिलाफ भोपाल और छतरपुर में मारपीट और धोखाधड़ी के अपराध हैं। मंयक ठाकुर के खिलाफ छिंदवाड़ा में चोरी और मोटर वीकल एक्ट के मामले हैं, जबकि दो अन्य का रिकार्ड निकाला जा रहा है।

# बस ने वृद्धा को कुचला हुई मौत, लोडिंग से ले गए शव



**प्रभात चौराहा पर गुरुवार शाम हादसा, सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बस ने बुजुर्ग महिला को कुचला**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित प्रभात चौराहा पर गुरुवार शाम निजी ट्रैवल्स की बस ने सड़क पार कर रही महिला को कुचल दिया। इस हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि प्रभात चौराहा पर हादसे के बाद भीड़ ज्यादा बढ़ने लगी थी। लिहाजा लोडिंग वाहन से शव पीएम के लिए मर्चूरी भेजना पड़ा।

जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम करीब 6 बजकर 50 मिनट पर एक बुजुर्ग महिला प्रभात चौराहा पर सड़क पार कर रही थी, तभी उन्हें निजी ट्रैवल्स की बस ड्राइवर ने तेजी और लापवाहीपूर्वक बस चलाते हुए कुचल दिया। हादसे के बाद बस का ड्राइवर बस छोड़कर फरार हो गया। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर अशोका गार्डन पुलिस पहुंची और ऐशबाग पुलिस भी पहुंच गई थी। भीड़भाड़ और व्यस्ततम क्षेत्र होने के कारण पुलिस ने बस के आसपास वाहन खड़े किए और ट्रेफिक को शुचारू किया और पुलिस ने आपस में थाना क्षेत्र की बात करती रही।

इसी बीच पुलिस ने एंबुलेंस और शव वाहन को सूचना दी थी, लेकिन दोनों ही वाहन समय पर नहीं पहुंच सके। भीड़ अधिक बढ़ने के कारण पुलिस को शव लोडिंग वाहन से मर्चूरी भेजना पड़ा। महिला के पास से एक आईडी मिली है। आईडी में महिला का नाम सोमवती मिश्रा बताया जा रहा है। पुलिस ने परिजन से संपर्क कर लिया है। पुलिस का कहना है कि परिजन के पहुंचने पर महिला की पहचान सुनिश्चित की जाएगी।

### ईडी के छापे के बाद कंपनी संचालक की पत्नी ने खाया जहर

**भोपाल।** चूनाभट्टी इलाके में रहने वाली एक महिला ने गुरुवार शाम को चूहामार जहर खा लिया। महिला को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिस महिला ने जहर खाया है, उसके पति निजी कंपनी के मालिक हैं। इस कंपनी के ठिकानों पर ईडी ने हाल में ही छापेमार कार्रवाई की थी। जानकारी के अनुसार कंपनी के भोपाल, सीहोर और मुरैना स्थित ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने छापामार कार्रवाई की थी। उसके बाद कंपनी संचालक की पत्नी ने गुरुवार रात करीब साढ़े सात बजे जहर का सेवन कर लिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण बयान नहीं हो पाए थे। पुलिस का कहना है कि महिला के बयान के बाद ही जहर खाने के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

# हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई



**घटना स्थल के पास जनरल स्टोर्स के सीसीटीव्ही कैमरे देखने से मिला था पुलिस का हत्या का सुराग**

**भोपाल।** बीसवें अपर सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार जैन की कोर्ट ने गुरुवार को हत्या करने और साक्ष्य छिपाने के आरोपी बाबूलाल तिवारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक वंदना परते ने पैरवी की है। संभागीय जनसंपर्क अधिकारी मनोज त्रिपाठी ने बताया कि 29 अगस्त 2022 को बजरिया थाना पुलिस को सूचना मिली कि द्वारिका नगर पुलिया के आगे बाबूलाल तिवारी की झुग्गी के पास एक अज्ञात व्यक्ति की लाश पड़ी है। यह सूचना बाबूलाल ने ही पुलिस को दी थी। तलाशी के दौरान मृतक के जेब से शैतान सिंह लोधी का विजिटिंग कार्ड मिला, जिस पर लिखे नंबर पर चर्चा करने पर उसके परिवार को पहचान के लिये मौके पर बुलाया गया। मृतक के बेटे रोहित लोधी शव की पहचान अपने पिता रघुवीर लोधी के रूप में की। उसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। घटना स्थल के पास जनरल स्टोर्स के सीसीटीव्ही कैमरे देखने पर बाबूलाल तिवारी ने मृतक रघुवीर लोधी को नशे की हालत में पकड़कर अपनी झोपड़ी की तरफ ले जाते हुये देखा गया। उसके कुछ समय बाद बाबूलाल तिवारी बदहवास स्थिति में नमकीन खरीदने आया। घटना स्थल पर शराब के दो खाली क्वाटर, नमकीन के खुले हुये पाऊच मिले थे। बाबूलाल तिवारी से पूछताछ से स्पष्ट हुआ कि बाबूलाल ने मृतक रघुवीर लोधी के साथ बैठकर शराब पी और मृतक द्वारा गाली गलौच करने पर गुस्से में बाबूलाल तिवारी ने पत्थर की फरसी से रघुवीर का सिर कुचल दिया था। घटना के साक्ष्य को छुपाने के उद्देश से पुलिस को घर के सामने आते देख वह अज्ञात मृतक की सूचना देने लगा। जांच के बाद पुलिस ने बाबूलाल तिवारी के खिलाफ हत्या करने और साक्ष्य छिपाने का केस दर्ज किया था। न्यायालय द्वारा अभियोजन के साक्ष्य, तर्को एवं दस्तावेजों से सहमत होते हुए आरोपी बाबूलाल तिवारी को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 5,000 रुपए अर्थदण्ड एवं धारा 201 भादवि में 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रू से दंडित किये जाने का निर्णय पारित किया है।

# बैट्री रिक्शा चालक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मर्ग किया गया दर्ज

**छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित सबरी नगर, भानपुर में घटना**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित सबरी नगर, भानपुर में ई रिक्शा चालक ने फांसी लगा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश परिजन ने गुरुवार सुबह करीब सात बजे फांसी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि मृतक शराब पीने का आदी था और आए दिन शराब पीकर घर में गदर करता था। डर के कारण परिजन घर में चाकू छुरी तक छिपाकर रखते थे।

पुलिस के अनुसार 35 साल का उमेश कुमार रैकवार, सबरी नगर, भानपुर छोला में रहता था और ई रिक्शा चलाता था। वह शराब पीने का आदी था। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके मझले भाई महेंद्र रैकवार ने बताया कि भाई नरेंद्र और छोटे भाई उमेश के साथ वह रहता था। उमेश की पत्नी के साथ ऊपर वाले कमरे में रहता था। सुबह करीब सात बजे परिजन की नींद खुली तो उन्होंने उमेश को फांसी के फंदे पर लटके देखा था। इसके बाद डायल 100 को कॉल किया। मौके पर पहुंची डायल 100 और पुलिस ने शव



बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### कबीटपुरा में युवक ने दी फांसी लगाकर जान

इधर टीलाजमालपुरा इलाके के कबीटपुरा में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि उसने पारीवारिक कलह के कारण फांसी लगाकर जान दी है। पुलिस के अनुसार राजकुमार पिता सीताराम (31) कबीटपुरा इलाके में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गुरुवार दोपहर उसने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।



**भोपाल।** राजधानी में दिन आजकल गर्म होने लगे हैं, धूप सख्त होने और पारा 30 के पार जाने की वजह से लोग धूप से बचने के जतन कर रहे हैं। हालांकि शाम व रातें अभी ठंडी ही हैं और माना जा रहा है कि कुछ दिन बाद सर्दी का एक और दौर आएगा। मौसम में अचानक बदलाव जारी होने से लोग परेशान हैं।

### पिछड़ा वर्ग महापंचायत के प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत



**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग महापंचायत द्वारा हिंदी भवन में सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें राजेश विश्वकर्मा को सर्वसम्मति से नया प्रदेश अध्यक्ष घोषित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए हुए पिछड़ा वर्ग के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष का हार फूलों से स्वागत किया।

**फोटो निर्मल व्यास**

**मेट्रो एंकर** साइबर इंवेस्टिगेशन एवं डिजिटल फोरेंसिक के गुर सिखाने सेमिनार

# 42 अफसरों को दिया तकनीकी प्रशिक्षण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सोनाली मिश्रा के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी, भौरीं भोपाल में साइबर इन्वेस्टिगेशन एवं डिजिटल फोरेंसिक विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में विभिन्न जिलों के उप पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक तथा उपनिरीक्षक सहित 42 पुलिस अधिकारियों, सायबर विशेषज्ञों और डिजिटल फोरेंसिक अन्वेषक सम्मिलित हुए।

सेमीनार का मुख्य उद्देश्य साइबर अपराधों की जांच में नवीनतम तकनीकों और डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण से संबंधित जानकारी प्रदान करना था। सेमीनार का उद्घाटन बुधवार को उप पुलिस अधीक्षक राजीव त्रिपाठी द्वारा किया गया। सेमीनार के पहले दिन स्टेट सायबर सेल के धर्मेन्द्र मिश्रा एवं दीपक सिंह ने सायबर अपराध की बेसिक जानकारी सीडीआर, आईपीडीआर का विश्लेषण, शासकीय सायबर क्राइम डीलिंग पोर्टल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इसी दिन निरीक्षक सायबर सीबीआई अभिषेक सोनकर ने फाइनेंसियल क्राइम इन्वेस्टिगेशन एवं टार्गेटिंग सायबर क्राइम पर प्रभावी व्याख्यान दिया।



सेमीनार के दूसरे दिन गुरुवार को सायबर एक्सपर्ट कुलदीप वर्मा ने बेसिक ऑफ डिजिटल फोरेंसिक, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य की तलाशी एवं जप्ती की प्रक्रिया, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य की ग्राह्यता आदि के संबंध में जानकारी दी। डीसीपी इकबाल ने साझा की केस स्टडी डीसीपी सेंट्रल जोन भोपाल रियाज इकबाल ने सायबर अवेयरनेस, वर्तमान परिवेश में सायबर अपराधों के संबंध में आने वाली चुनौतियों आदि विषय पर सायबर इन्वेस्टिगेशन के सम्बंध में ओवरव्यू देकर मध्यप्रदेश के सतना, मुरैना, पन्ना, सिंगरौली जैसे विभिन्न जिलों की कप्तानी के दौरान स्वंय के द्वारा ट्रेस किये गए सायबर अपराधों की केस स्टडी के द्वारा फील्ड में पुलिस के द्वारा सायबर अपराध कैसे ट्रेस करें, के सम्बंध में विस्तृत जानकारी साझा की। सेमीनार के दौरान मिशन कर्मयोगी अभियान अंतर्गत आईजीओटी पोर्टल के सम्बंध में वीडियो दिखाकर सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। आभार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रद्धा जोशी एवं उप पुलिस अधीक्षक राजीव त्रिपाठी ने किया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022